Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 172 | मंगलवार, 24 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## '12 घंटे का पूर्ण सीजफायर'

# ट्रंप बोले- इस्राइल-ईरान के अंतिम मिशनों के बाद युद्ध समाप्त..

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी हिंसक संघर्ष खत्म होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुताबिक इस्राइल और ईरान के बीच पूरी तरह से सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि अब से करीब छह घंटे बाद 12 घंटों के लिए पूर्ण युद्धविराम होगा। बीते 13 जून को इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसके बाद बीते 12 दिनों से दोनों देशों के बीच टकराव जारी है। इस्राइल को अमेरिका से भी समर्थन मिला और अमेरिकी सेना ने ईरान के तीन ठिकानों पर हमले किए। ईरान ने अमेरिकी सैन्य अड्डों पर पलटवार किया, जिससे तनाव गहराने की आशंका बढ़ी। हालांकि, अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इस्राइल और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर सहमति बन गई है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, 'अब से लगभग 6 घंटे बाद, जब इस्राइल और ईरान अपने अंतिम मिशनों को पूरा कर लेंगे, युद्ध समाप्त माना जाएगा।' ट्रंप ने लिखा कि आधिकारिक तौर पर, ईरान युद्ध विराम की शुरूआत करेगा। इसके 12 घंटे बाद इस्राइल युद्ध विराम करेगा। 24 घंटे बाद 12 दिवसीय युद्ध का आधिकारिक अंत हो जाएगा, जिसे पूरी दुनिया सलाम करेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक युद्ध विराम के दौरान, दूसरा पक्ष शांतिपूर्ण और सम्मानजनक बर्ताव करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, सब कुछ वैसा ही काम करेगा जैसा कि होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं दोनों देशों- इस्राइल और ईरान को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने '12 दिवसीय युद्ध' को समाप्त करने की सहनशक्ति, साहस और बुद्धिमत्ता दिखाई है।' पश्चिम एशिया के तनावपूर्ण माहौल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'यह एक ऐसा युद्ध है जो कई वर्षों तक खिंच सकता था, और पूरे मध्य पूर्व को नष्ट कर सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और कभी नहीं होगा!' ट्रंप ने ईश्वर से आशीर्वाद की कामना करते हुए लिखा, भगवान इस्राइल और ईरान को आशीर्वाद दें। भगवान मध्य पूर्व, अमेरिका और पूरी दुनिया को आशीर्वाद दें!



**ट्रंप ने भगवान से पूरी दुनिया में शांति की कामना की**

## केंद्रीय मंत्री बोले

# परियोजनाओं के लिए धन की कमी नहीं लीक से हटकर नहीं सोचते नौकरशाह

**पुणे।**



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। मैं हमेशा 1 लाख करोड़, 50,000 करोड़, 2 लाख करोड़ की परियोजनाओं की बात करता हूं। लेकिन असली चिंता नौकरशाही में लचीलेपन की कमी है। उन्होंने कहा कि नौकरशाह लीक से हटकर विचार करने के लिए पूरी तरह से मना कर देते हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने नौकरशाही में लचीलेपन की कमी और अनोखे विचारों को पूरी तरह से नकारने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नौकशाह लीक से हटकर नहीं सोचते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व नौकरशाह विजय केलकर ने लचीला रुख अपनाया और वे इस मानसिकता के अपवाद थे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पुणे में पूर्व नौकरशाह केलकर को पुण्यभूषण पुरस्कार से सम्मानित किए जाने वाले समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हमारे पास धन की कमी नहीं है। मैं हमेशा 1 लाख करोड़, 50,000 करोड़, 2 लाख करोड़ की परियोजनाओं की बात करता हूं। आम तौर पर पत्रकार बड़ी घोषणाओं के मामले में राजनेताओं पर भरोसा नहीं करते। मैं उनसे कहता हूं कि मैं जो कहता हूं उसे रिकॉर्ड करें और अगर काम पूरा नहीं होता है तो ब्रेकिंग न्यूज चलाएं।' गडकरी ने यह भी कहा कि असली चिंता धन की कमी नहीं, बल्कि काम की धीमी गति को लेकर है। उन्होंने नौकरशाही की तुलना मवेशियों से करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जब मवेशी चरने जाते हैं, तो वे एक ही लाइन में चलते हैं। वे इतने अनुशासित होते हैं कि कभी भी क्रम नहीं तोड़ते। मुझे कभी-कभी नौकरशाही के साथ भी ऐसा ही महसूस होता है। यह लीक से हटकर विचार करने के लिए पूरी तरह से मना कर देते हैं। लेकिन विजय केलकर ने नीति निर्माण में लचीलेपन को स्वीकार किया।

## सपा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी टली



**वाराणसी।** इंडियन क्रिकेटर रिंकू सिंह और मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज की शादी टाल दी गई है। क्रिकेट में रिंकू की व्यस्तता होने के कारण शादी अब तीन-चार महीने बाद होगी। सारी तैयारियां रोक दी गई हैं। भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह और मछलीशहर (जौनपुर) से सपा की युवा सांसद प्रिया सरोज की शादी टलने की सूचना मिली है। दोनों के घरों में तैयारियां चल रही थीं। शादी की तारीख टल जाने से तैयारियां भी रोक दी गई हैं। वाराणसी के होटल ताज में रिंकू और प्रिया की शादी होनी थी। आने वाले 18 नवंबर को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी होनी थी। नवंबर में होने वाली क्रिकेट टूर्नामेंट में रिंकू सिंह की व्यवस्तता के कारण यह शादी टाल दी गई है। होटल की बुकिंग को फरवरी माह के अंत में कर दिया गया है। तारीख अभी नहीं तय हुई है।

## पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर को दी 19 परियोजनाओं की सौगात

**जम्मू।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद शुरू हुआ जम्मू-कश्मीर को तोहफे मिलने का सिलसिला बरकरार है। प्रदेश में 10,637 करोड़ रुपये से दो सुरंग, तीन फ्लाईओवर, चार पुल और पांच सड़कों समेत अन्य निर्माण कार्य होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर को 19 परियोजनाओं की नई सौगात दी है। प्रदेश में 10,637 करोड़ रुपये से दो सुरंग, तीन फ्लाईओवर, चार पुल और पांच सड़कों समेत अन्य निर्माण कार्य होंगे। कुल मंजूर किए गए बजट का करीब 70 फीसदी दो सुरंगों को बनाने पर खर्च होगा। रक्षा मंत्रालय के साथ हुई बैठक के बाद सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएच आईडीसीएल) को तत्काल प्रोजेक्ट की विस्तृत रिपोर्ट बीआरओ को उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। दोनों टनल का निर्माण सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) करेगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने निर्माण को उच्च स्तर पर प्राथमिकता देने की बात कही है। 3,830 करोड़ रुपये से होगा बारामुला से गुलमर्ग के बीच नेशनल हाईवे 701-ए पर पीर की गली में सुरंग का निर्माण। टनल बनने के बाद इस इलाके के लोग सभी मौसम में आवाजाही कर पाएंगे। 3,330 करोड़ रुपये खर्च होंगे साधना टनल को बनाने में। यह सुरंग नेशनल हाईवे 701 पर कुपवाड़ा जिले के करनाह में साधना दर्रा पर बनाई जाएगी। इस टनल के बन जाने से कुपवाड़ा क्षेत्र के दूरदराज के गांवों की सभी मौसम में आवाजाही सुनिश्चित होगी। इस समय यहां लोगों को करीब 10 हजार 269 फुट के साधना दर्रा को पार करना पड़ता है और बर्फबारी के दौरान यह मार्ग ठप हो जाता है।



# इलेक्ट्रिक हवाई जहाज में करें सैर हेलीकॉप्टर से 20 गुना सस्ता किराया

**नई दिल्ली।**

दुनिया में पहली बार चार यात्रियों ने महज आठ डॉलर यानी लगभग 694 रुपये में इलेक्ट्रिक विमान से 130 किलोमीटर का सफर किया है। इस बात पर आपको भले ही यकीन न हो, लेकिन अमेरिका में ऐसा कमाल हुआ है जो हवाई यात्रा क्षेत्र में परिवर्तनकारी साबित हो सकता है। पहली बार, यात्रियों को ले जाने वाला इलेक्ट्रिक विमान जॉन एफ. कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा। यह कोई परीक्षण उड़ान नहीं थी, बल्कि इसमें चार यात्री सवार थे। बीटा टेक्नोलॉजीज के सीएक्स 300 विमान ने यह इतिहास रचा है। फॉक्स न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में इलेक्ट्रिक विमान ने ईस्ट हैम्पटन से जॉन एफ. कैनेडी एयरपोर्ट तक का सफर लगभग आधे घंटे में तय किया था। इसने लगभग आधे घंटे में लगभग 70 समुद्री मील (130 किलोमीटर) की दूरी तय की। बीटा टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और सीईओ काइल क्लार्क ने कहा कि यह शत प्रतिशत इलेक्ट्रिक विमान है, जो यात्रियों को लेकर ईस्ट हैंपटन से जान एफ. कैनेडी एयरपोर्ट तक उड़ा। हमने 35 मिनट में 70 समुद्री मील की दूरी तय की।




## चौथे दिन का खेल समाप्त

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट के चौथे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य रखा है। इंग्लैंड ने दिन के खेल की समाप्ति तक बिना किसी नुकसान के 21 रन बनाए हैं और उसे अब 350 रन और बनाने हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत की दूसरी पारी 364 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने कुल 370 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड को 371 रनों का लक्ष्य दिया था।

# भारत ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।**

भारत ने कअएअ की बैठक में कहा कि वह मध्य पूर्व की स्थिति को लेकर चिंतित है और हर संभव मदद के लिए तैयार है। साथ ही, सभी देशों से संयम बरतने और कअएअ से पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की। कअएअ प्रमुख ने भी दुनिया की परमाणु सुरक्षा के लिए खतरे की चेतावनी दी और शांति की जरूरत पर जोर दिया। ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (कअएअ) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की विशेष बैठक हुई। इसमें भारत की ओर से ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत शंभू एस कुमारन ने भाग लिया और बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत मध्य पूर्व में बिगड़ती स्थिति, खासकर ईरान में परमाणु ठिकानों पर हुए हमले को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा, 'भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।' वियना में भारतीय दूतावास ने एक्स पर राजदूत के बयान को साझा किया और लिखा, 'ईरान में कई परमाणु सुविधाओं पर हमलों सहित मध्य पूर्व में बिगड़ती स्थिति पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की।' राजदूत ने कहा कि ऐसे हमलों से आम लोगों की सेहत और पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए परमाणु ठिकानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है।



# पश्चिम एशिया तनाव का विमान सेवा पर असर




**नई दिल्ली।**

ईरान और इस्राइल के बीच बीते 10 दिनों से जारी युद्ध का असर दुनियाभर की विमान सेवाओं पर पड़ रहा है। पश्चिम एशिया में जंग की वजह से विमान कंपनियों को दुबई और दोहा जैसे खाड़ी के दो प्रमुख शहरों के लिए अपनी ढेरों उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कतर का हवाई रास्ता बंद होने की वजह से सोमवार को दोहा जाने वाली दो उड़ानों को डायवर्ट किया। इसके अलावा, इंडिगो, स्पाइस जेट, कतर एयरवेज और अकासा एयर ने भी अपने-अपने अपडेट जारी किए हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने एक बयान में कहा, 'मध्य पूर्व में चल रही तनावपूर्ण स्थिति और कतर का हवाई रास्ता बंद होने के कारण, हमने कोच्चि से मस्कट होते हुए दोहा जाने वाली उड़ान को डायवर्ट कर दिया है। कन्नूर से जाने वाली फ्लाइट को वापस बुला लिया।' एयरलाइन ने यह भी बताया कि फिलहाल दोहा के लिए उसकी और कोई उड़ान नहीं है और उसका कोई विमान कतर में नहीं उतरा है। एयरलाइन ने कहा कि हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और जरूरी जानकारी के अनुसार अपने यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए सारे जरूरी कदम उठाएंगे।

**एअर इंडिया-इंडिगो समेत कई एयरलाइंस के अपडेट जारी**

## हज 2026 की तैयारियां शुरू



**जम्मू।** दिशा-निर्देशों के अनुसार, पासपोर्ट मशीन द्वारा पढ़े जाने योग्य हों, वे कम से कम 31 दिसंबर 2026 तक वैध हों, जारी प्राधिकारी या आरपीओ की मुहर और हस्ताक्षर वाले हों और किसी प्रकार की शारीरिक क्षति जैसे फटे पृष्ठ, ढीले कवर या अन्य नुकसान न हो। जम्मू और कश्मीर हज समिति ने हज 2026 की तैयारी कर रहे इच्छुक तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक पूर्व-घोषणा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। समिति की अधिसूचना के अनुसार हज 2026 की आधिकारिक घोषणा इसी महीने होने की उम्मीद है।

## तीन दशक का इंतजार खत्म

# मानसून के बाद दिल्ली को मिलेगा नया रेलवे पुल

**नई दिल्ली।**

नया पुल बनाने की योजना को 1997-98 में एप्रोवल मिला और 2003 में निर्माण का काम शुरू किया गया। हालांकि, इसमें लगातार विलंब होता रहा। अधिकारियों का कहना है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) व अन्य एजेंसियों से एप्रोवल लेना पड़ा था, जिससे करीब पांच साल का विलंब हुआ। राजधानी दिल्ली को मानसून के बाद नया रेलवे पुल की सौगात मिलेगी। पुराने लोहे वाले पुल के समानंतर बनाया जा रहा नया रेलवे पुल का निर्माण कार्य लगभग पुरा हो चुका है। मौजूदा समय इंटरलॉकिंग का काम चल रहा है। इसके बाद कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी पुल का निरीक्षण करेंगे। फिर नए पुल पर ट्रेनों का ट्रायल रन किया जाएगा। नए पुल के शुरू होने से दिल्ली के रेलवे नेटवर्क को बड़ी राहत मिलेगी। खासकर पुरानी दिल्ली स्टेशन से निकलने वाली ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। वर्तमान में यमुना नदी पर रेलवे के दो पुल हैं। सबसे पुराना पुल 1866 में अंग्रेजों ने बनवाया था, जिसे लोग आम भाषा में लोहे का पुल कहते हैं। रेलवे की तकनीकी भाषा में इसे रेल रोड ब्रिज कहा जाता है।



## संपादक की कलम से

# रुको, गुरु जी आते हैं

परौर में गुरुजी आते हैं, तो संगत की आलीशान सवारियां पूरी कोशिश में रहती हैं कि ट्रैफिक की फटीचर स्थिति से कांगड़ा के दो चार दिन बर्बाद हो जाएं। प्रदेश में मेहमान जी आते हैं, तो हमारे रास्ते छोटे और स्थानीय नागरिक बौने हो जाते हैं। हम पर्यटन की गाडियां तब गिनते हैं, जब शिमला की रफ्तार को कोई बंधक बना देता है। शिमला में पचास हजार वाहन रोजाना, इसे किस्मत कहें या पर्यटन के भविष्य का खजाना। अटल टनल से गुजरना अब एक कयामत है या कबायली इलाकों की नई जीवनशैली की रगड़ में अभ्यस्त होने की एक इल्तिजा। दो महीने में दो लाख वाहनों के रिकार्ड में अटल टनल का नजारा उस धुएं से भी पूछ लेना जो सुरंग की छाती से चस्पां होता है। हम पर्यटन के काबिल हैं, वाहनों के प्रबंधन के कतई नहीं। कांगड़ा शहर में कयामत का एक चौक है। मटौर चौक का रिकार्ड यह कि साल में सबसे अधिक जाम यहीं लगते हैं और यह अपने हाथ की सफाई से जनता के साल में पांच-छह सौ घंटे जाम कर देता है। इतने घंटों में कितना डीजल-पेट्रोल जलता होगा- कितने लोगों का गंतव्य बदलता होगा। इक आदत सी हो गई कसौली-डलहौजी को ट्रैफिक जाम में खुद को खोजने की, इक करार है मकलोडगंज-मनाली से रेंगने का इकरार है। ऐसे में क्या हमने सर्वेक्षण करके पर्यटकों से पूछा कि शिमला के ट्रैफिक जाम में उन्हें राजधानी कितनी सुविधाजनक लगती है। क्या हमने यह पता लगाया कि सडकों पर सैलानी कितना कचरा उंडेलते है। अगर एक पर्यटन बीयर या शराब की कुछ बोतलें खाली करे, तो इन्हें रखने के लिए जगह चाहिए। पानी की कितनी बोतलें, चिप्स के कितने खाली पैकेट और फास्टफूड की पैकिंग से उफनते हाई-वे कितनी गंदगी से भर जाते हैं। देखना है तो मकलोडगंज आइए और देखिए हमारी सैरगाहों के राज। हमें चाहिए गुरुजी और उनके शिष्य, लेकिन परौर और परौर से गुजरने के सुकून का ज्ञान, संगत में नहीं सडक पर देना होगा। हिमाचल की वीआईपी पर्यटन से ब्रांडिंग होती है। कोई गुरु आता है, तो पर्यटन का गुरुत्व पैदा होता है, लेकिन हमें पर्यटन के प्रवेश और प्रस्थान से संतुलन पैदा करना होगा। पर्यटन प्रदेश के चार महीने नहीं और न पर्यटन सीजन के जरिए हम नागरिकों के चार महीने परास्त कर सकते हैं। अगर शिमला व अन्य पर्यटक स्थलों को ट्रैफिक जाम और भीड़ से बचाना है, तो पर्यटन को साल के कैलेंडर में विभक्त करके समूचे हिमाचल में फैलाना होगा। अगर ग्रीष्म कालीन पर्यटन का ताल्लुक हिल-स्टेशन से है, तो सर्द कालीन पर्यटन को मैदानी क्षेत्रों के आकर्षण तथा धार्मिक पर्यटन की बाहों में देखना होगा। वीआईपी पर्यटन या साधु-संगत के समारोहों को अनुशासित करना होगा। ऐसी संगत को प्रवेश द्वारों पर रोक कर ही दिशा निर्देश देने होंगे तथा पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था करनी होगी। परौर पहुंचे वाहनों को आसपास के बीस-पच्चीस किलोमीटर के दायरे में स्थित मैदानों की तरफ भेजना होगा। इसी तरह हिमाचल की चुनावी रैलियों के लिए भी मुख्य शहरों से हट कर आयोजित करना होगा। नया हिमाचल फोरलेन के साथ विकसित हो सकता है। तमाम फोरलेन के किनारों पर कम से कम आधा दर्जन निवेश शहर बसा कर मार्किट, समागम स्थल, नए पर्यटन, मनोरंजन पार्क, साइंस सिटी, वाटर पार्क व ट्रेड फेयर की सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। प्रमुख शहरों से दस किलोमीटर पहले पार्किंग व्यवस्था तथा आगे का सफर रज्जु मार्गों से ही तय करना होगा। हर शहर की चारों दिशाओं में वन भूमि से चार-चार सामुदायिक मैदान विकसित करने को भूमि हासिल करनी होगी, जबकि हर गांव में कम से कम एक बड़ा मैदान विकसित करना पड़ेगा।


ललित शर्मा
संपादक

संजीव ठाकुर



## तेरी खातिर नए ख्वाब बुन रहे थे

कविता

वे सपने अपने मन में बुन रहे थे
मिरे गमों की कहानियां सुन रहे थे।

गुजरे दौरां से कुछ वक्त पाकर
तिरे ख्यालों की चादर बुन रहे थे।

क्या उनको जोड़कर महफूज रखेंगे
जो टूटे दिल के टुकड़े चुन रहे थे।

बहुत आसां नहीं हमको समझना
तेरी खातिर नए ख्वाब बुन रहे थे।

कोई कहां आता है अब इन राहों में
तेरे ना आने की आहट गुन रहे थे।

तिरे प्यार में आज खोकर संजीव
अपनी ही धड़कनों को सुन रहे थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ईरान और इजरायल के तीव्र होते युद्ध से बढ़ते खतरे

ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डोनाल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इजराइल इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर तीव्र से तीव्रत्तर हमले कर रहा है और ईरान भी जबावी हमलों में इजरायल में तबाही मचा रखी है। युद्ध भले ही इन दो देशों के बीच हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव समूची दुनिया पर हो रहा है। इस संघर्ष को रोकना आवश्यक है, भले ही अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिये बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से दुनिया में अनिश्चिंतता एवं अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। विशेषतः तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइलों से हमला कर रहे हैं, परमाणु युद्ध की आशंकाएं उग्र होती जा रही है। दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा कर दिया है। क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। पूर्ण युद्ध की स्थिति में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है। इससे होकर दुनिया की 20 प्रतिशत नेचुरल गैस और एक तिहाई तेल ट्रांसपोर्ट होता है। यह रूट बाधित हुआ तो कच्चे तेल में 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के अनुसार इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई से आने वाला कच्चा तेल, जो होर्मुज से होकर गुजरता है, भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का लगभग 45-50 प्रतिशत है। एक तथ्य यह भी है कि ईरान भी जानबूझकर तेल की कीमतों को आसमान छूने के लिए मजबूर करके ट्रम्प प्रशासन को अस्थिर करने की कोशिश कर सकता है और पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति बढ़ा सकता है। ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डोनाल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को परमाणु ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इजरायल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। इन हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भले ही ईरान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म कर दिया जाये, लेकिन ईरान के उस तकनीकी ज्ञान को कैसे खत्म किया जा सकता है, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है। ऐसे में विदेशी दबाव में हुआ बदलाव ईरान को और ज्यादा कट्टरता की ओर ही ले जायेगा। ऐसे में अमेरिका या इजराइल के हमलों से ईरान में आमूल-चूल परिवर्तन होना संभव प्रतीत नहीं होता। हकीकत में यह काम ईरानी जनता पर छोड़ना चाहिए, बदलाव की मांग वहां से उठनी चाहिए। ईरान के लोग भी अपनी हुकूमत के खिलाफ है, भीतर-ही-भीतर आक्रोश है, इसे आंदोलन का रूप देकर ईरान में सत्ता परिवर्तन का माहौल बनाना चाहिए। यही ईरान के लिये बेहतरी का रास्ता है, क्योंकि परमाणु हथियार बनाने की जिद्द में बहुत सारे संसाधनों को बर्बाद कर दिया है। इराक, लीबिया, सीरिया- कई उदाहरण हैं, जहां पश्चिमी ताकतों ने अपने हिसाब से बदलाव लाने के प्रयास किये, लेकिन इनमें से कहीं भी नतीजा मन-मुताबिक एवं सफल-सार्थक नहीं रहा। ये देश आज भी अस्थिर हैं। तेहरान को लेकर कोई भी दुस्साहस ईरान को भी इन्हीं मुल्कों की श्रेणी में ला सकता है। ऐसी स्थितियों में कैसे बदलाव की आशा की जा सकती है? अमेरिका हो या इजरायल, ईरान या दुनिया की अन्य महाशक्तियों उनकी तरफ से ऐसी कोई पहल होती हुई नहीं दिख रही है, जिससे लगे कि वे यह संघर्ष टालना चाहते हैं। इजराइल का कहना है कि वह ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल होने तक युद्ध नहीं रोकेगा, लेकिन क्या ऐसा संभव है? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का कहना है कि कोई भी बातचीत इजराइली हमले रुकने के बाद ही होगी। दोनों देशों की जिद्द एवं अकड से प्रतीत नहीं होता कि शांति एवं युद्ध विराम का रास्ता संभव है। ईरान निश्चित रूप से दोषी है, दुनिया में अशांति का बड़ा कारण भी है। क्योंकि उसने अपने परमाणु-शक्ति के अपने प्रयासों को इस हद तक आक्रामक रूप से छिपाया कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को भी कहना पड़ा कि ईरान अपने परमाणु अप्रसार दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। वैसे, इजराइल ने पिछले 15 वर्षों में कई बार ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर निशाना साधा है, लेकिन हर बार वह या तो अमेरिकी दबाव में या अपनी सैन्य क्षमताओं पर संदेह के कारण अंतिम समय पर पीछे हट गया था। सवाल यह भी है कि इस संघर्ष का इराक, लेबनान, सीरिया और यमन पर क्या असर होगा, क्योंकि वहां पर ईरान एक लंबे समय से अपना प्रभाव जमाए हुए है और सशस्त्र उग्रवादियों एवं आतंकवादियों को पोषित करता आया है।

हिजबुल्ला की रीढ़ तोड़ने से इस परिदृश्य में बदलाव की शुरूआत पहले ही हो चुकी है और लेबनान-सीरिया में पहले ही इसका लाभ मिल चुका है, जहां नए, बहुलतावादी नेताओं ने सत्ता संभाली है। ईरान के प्रभाव-क्षेत्र से इराक का पलायन भी वहां के लोगों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय रहा है। ईरान की जनता अपने शासकों के प्रति नाराज है। वह सत्ता परिवर्तन चाहती है, इसलिये इजराइल से युद्ध में जनता का समर्थन नगण्य है। इसका फायदा इजरायल को मिल रहा है, इसी कारण इजरायल ईरान के शीर्ष मिलिट्री अधिकरियों की सटीक लोकेशन खोजकर उन्हें मार गिराने में सफल हो पायी है।



इससे मालूम होता है कि कितने ईरानी अधिकारी इजराइल के लिए काम करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वे अपनी सरकार को नापसंद करते हैं। बावजूद इसके अगर इजराइल अपने प्रयास में विफल हो जाता है और तमाम चोटें खाने के बावजूद ईरान परमाणु हथियार बनाने में सक्षम हो जाता है तो इससे क्षेत्र पहले से कहीं अधिक अस्थिर हो जाएगा। तेल संकट भी बढ़ेगा और संभवत: ईरान अमेरिका-समर्थक अरब शासनों पर हमला करने के लिए प्रेरित हो सकता है। तब अमेरिका के पास इस लड़ाई में कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ऐसी स्थितियां दुनिया के लिये अधिक घातक होगी, दुनिया में युद्ध के गहराते संकटों से मुक्ति का कोई तो रास्ता निकलना ही चाहिए।

# परफेक्ट तरीके से बेसन लड्डू बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

बेसन के लड्डू बाते समय घी डालने की टाइमिंग भी काफी मैटर करती है। कई बार लोग घी में पहले ही सारा घी डाल देते हैं। लेकिन आप स्टार्टिंग में थोड़ा घी डालो ताकि बेसन अच्छे से भुने। इसके बाद आप बीच में ही थोड़ा-थोड़ा करके घी डालते रहो। ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें मीठा खाना काफी पसंद होता है। अक्सर वे ना केवल बाजार से मिठाई लाकर खाते हैं, बल्कि घर पर भी मीठा बनाते हैं। अगर आप भी मीठे के दीवाने हैं और बेसन के लड्डू आपके फेवरिट हैं तो मुंह में घुल जाने वाली इस मिठाई को खुद घर पर ही बना सकते हैं। बेसन के लड्डू बनाना काफी आसान है, लेकिन इस सिंपल सी दिखने वाली रेसिपी में भी कई बार लड्डू बनाते वक्त कुछ छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं। कभी बेसन जल जाता है, तो कभी लड्डू अच्छी तरह से बंधते नहीं है।

ये 10 समस्याएं केवल चौड़े कूल्हे वाली लड़कियां ही समझ सकती हैं

हो सकता है कि आप भी घर पर बेसन के लड्डू बना रहे हों और आपके सामने यही दिक्कतें आ रही हों। ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप घर पर बेसन के लड्डू बनाते समय फॉलो कर सकते हैं-

**तेज आंच पर ना भूनें बेसन:** अक्सर यह देखने में आता है कि जब लोग बेसन के लड्डू बनाते हैं तो बेसन को तेज आंच पर भूनने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बेसन भूनने की जगह जलने लगता है। इसलिए, आपको हमेशा धीमी आंच पर ही बेसन को भूनना चाहिए। जब हल्की सी खुशबू आए और बेसन का रंग सुनहरा होने लगे, तो समझे कि बेसन अच्छी तरह से भूनने लगा है।

**सही समय पर डालें घी:** बेसन के लड्डू बाते समय घी डालने की टाइमिंग भी काफी मैटर करती है। कई बार लोग घी में पहले ही सारा घी डाल देते हैं। लेकिन आप स्टार्टिंग में थोड़ा घी डालो ताकि बेसन अच्छे से भुने। इसके बाद आप बीच में ही थोड़ा-थोड़ा करके घी डालते रहो।

**बैटर को ठंडा ना होने दें:** बेसन के लड्डू में शक्कर अच्छी तरह घुल जाए, इसके लिए जरूरी है कि आपका भुना हुआ बेसन हल्का गरम ही हो। अगर आपका बेसन एकदम ठंडा हो जाएगा तो इससे उसमें शक्कर अच्छी तरह मिक्स नहीं होता है। वहीं, अगर आप गरम बेसन में शक्कर मिक्स करते हैं तो इससे लड्डू भी बाइंड अच्छी तरह होंगे। साथ ही, इस बात का भी ख्याल रखें कि आप दानेदार चीनी की जगह बूरा या फिर पिसी हुई शक्कर डालकर मिक्स करें। दानेदार शक्कर का इस्तेमाल करने से लड्डू खाते समय वह मुंह में किरकिरा महसूस होगा।



# मोहर्रम के दृष्टिगत डीएम और एसपी की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के धर्मगुरु और संभ्रांतजन आगामी मोहर्रम के दौरान शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि रास्तों में बिजली के तारों को ध्यान में रखते हुए ताजिया बनाई जाए, जिससे कोई बाधा न आए। शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए मोहर्रम मनाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था या व्यक्तिगत सुरक्षा प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या या परेशानी की स्थिति में तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित करें। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। अराजकता फैलाने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने जुलूस के दौरान अनुशासन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीटवार पुलिस आरक्षी की ड्यूटी लगायी गयी है जो हर ताजियादार से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करायेंगे। उन्होंने सभी को अश्वस्त किया कि थाना स्तर पर थानाध्यक्ष सभी ताजियादारों के साथ बैठक करेंगे और उनकी बातों को गम्भीरता से सुनेंगे तथा त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एसपी सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ नितिन मदन, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी गण मौजूद रहे।

# किला गेट से पान दरीबा से जामा मस्जिद तक की रोड बनाने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा गया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जन सेवा समिति की ओर वाटर टैक्स, हाउस टैक्स बढने और किला गेट से पान दरीबा से जामा मस्जिद तक की रोड बनाने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया हैं कि रामपुर शहर के अंदर नगर पालिका द्वारा वाटर टैक्स, हाउस टैक्स बहुत अधिक बढ़ा दिया गया हैं जिससे जनता के लिए बहुत ज्यादा भार पड़ रहा हैं। रामपुर एक मध्य वर्ग का शहर हैं यहां पर कोई बड़ी फैक्ट्री नहीं हैं यहां पर व्यापारिक प्रतिष्ठान के अलावा कोई और रोजगार का जरिया नहीं हैं। काफी बड़ी संख्या में लोग जरी, कारचैब, बीड़ी बनाना और बैटरी की रिक्शा आदि से जुड़े है जो अपनी मेहनत करने के बाद परिवार का पालन पोषण मुश्किल से कर पाते हैं। इनसब का ध्यान रखते हुए पालिका प्रशासन द्वारा वाटर टैक्स, हाउस टैक्स को नहीं बढ़ाया जाये और जिन लोगों को वाटर टैक्स, हाउस टैक्स के मूल्य बढाकर नोटिस भेजे जा रहे हैं उनको खत्म किया जाये। ज्ञापन में किला जामा मस्जिद तक की सड़क बहुत खराब हैं जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं हालांकि बताया गया हैं कि उक्त सड़क पालिका द्वारा पास हो चुकी हैं लेकिन आज तक इसपर काम नहीं शुरू किया गया हैं। उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र कराये जाने की मांग की गई हैं। इस मौके पर वसीम उल हसन खां, हारिस शमसी, चन्द्र प्रकाश रस्तोगी, सिराज अहमद, फैजान खान, गौरव अग्रवाल, बाबू अली, हरवीर सिंह, तिबयान अहमद, वसी खान, शिबू खां, समद मियां, नजीम खान, मुकर्रम मियां, हारून खां, शाजमान बी, अंजुम आरा, शहाब खां आदि मौजूद थे।

# नाबालिक से दुराचार करने वाले वृद्ध व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर** :थाना क्षेत्र में एक किशोरी को बहला फुसलाकर दुराचार करने और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि योगेश पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम मोरना ने उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर गलत काम किया और उसकी आपत्तिजनक फोटो खींचकर वायरल कर दी। शिकायत के आधार पर नूरपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष में एक जिला संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** भाजपा जिला कार्यालय गौशाला रोड पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष में एक जिला संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी डीपी भारती रहे। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय, एवं भारत माता के छवि चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीपी भारती ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने ख्यात शिक्षाविद् थे, डॉ. मुखर्जी ने 22 वर्ष की आयु में एमए की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा उसी वर्ष आपका विवाह भी सुधादेवी से हुआ। उनको दो पुत्र और दो पुत्रियां हुईं, वे 24 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य बने, उन्हें गणित विषय को पढ़ने का विशेष शौक था इसके अध्ययन के लिए वे विदेश गए तथा वहां पर लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी ने उनको सम्मानित सदस्य बनाया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने भी उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। डॉ. मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाने स्थापित करवाए, उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलीन होना पड़ा, 1950 में भारत की दशा को देखकर डॉ. मुखर्जी के मन को गहरा आघात लगा, उनसे यह देखा न गया और भारत सरकार की अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विरोधी पक्ष की भूमिका का निर्वाह करने लगे, एक ही देश में दो झंडे और दो निशान भी उनको स्वीकार नहीं थे। संगोष्ठी को सदर विधायक अंजुला माहौर सिकंद्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में श्वेता चौधरी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह पीलू भैया, महेंद्र सिंह आचार्य, रामेश्वर उपाध्याय, यशपाल सिंह चौहान, रामवीर सिंह भैया जी, सुरेश प्रताप गांधी, रूपेश उपाध्याय, हरिशंकर राणा, हरीश सेंगर, भोला सिंह रावत, सुनील गौतम, मथुरा प्रसाद गौतम रामकुमार माहेश्वरी राजेंद्र चौधरी, सुनील गुप्ता, राजेश सिंह गुड्डू, एशियाड कुलश्रेष्ठ, सूरज शाह, अंकुश गौड़, अरुण चौधरी, मूलचंद वार्ष्णेय स्मृति पाठक, प्रदीप शर्मा, आकाश सिंह, योगेश कुमार, मुकुल गुप्ता, सुनील सिंह, गजेंद्र सिंह, सचिन दीक्षित, जितेंद्र राजपूत, सुनीता वर्मा, अनुराग अभिनेत्री, भीकम सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह गहलोत, रितु गौतम, विपिन लवानिया, महेश वर्मा, चरण सिंह सागर, अशोक कुमार, मनोज वर्मा, दिनेश शर्मा, दीपक उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह सेंगर, नरेश प्रधान, सत्येंद्र सिंह, डॉ.जगतेंद्र सेंगर, शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईटीआई के प्रधानाचार्य ने नगीना आईटीआई का अतिरिक्त प्रभार किया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद आईटीआई के प्रधानाचार्य ने नगीना आईटीआई का अतिरिक्त प्रभार किया ग्रहण नजीबाबाद। संयुक्त निदेशक के आदेशानुसार 23 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नजीबाबाद के प्रधानाचार्य ऑचल कुमार ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नगीना पहुंचकर प्रधानाचार्य का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया नगीना आईटीआई के कर्मचारी व इंस्ट्रक्टर द्वारा उनका फूल मालाओं से स्वागत कर पुष्प गुच्छ भेंट किया गया तथा खुशी जताई।

# गागलहेड़ी पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता चार नशा तस्करो को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी

**सहारनपुर/ गागलहेडी।** गागलहेड़ी पुलिस ने नशा तस्करो पर कसी नकेल नशा अभियान के अंतर्गत गागलहेडी पुलिस को मिल रही लगातार है सफलता गागलहेड़ी पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता चार नशा तस्करो को किया गिरफ्तार गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए कि अब्दुल शमी उर्फ गुड्डू निवासी मांडेबांस, कासिफ निवासी पीर वाली गली सहारनपुर, सलमान निवासी हरोड़ा, और हिमांशु निवासी कोलकी कला को हारियाबांस हाइवे के पुल के पास से गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 38 ग्राम स्मैक भी बरामद हुई है और पकडे गए चारो आरोपियों का पुराना भी आपराधिक इतिहास है - पकडे गए चारो आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया।

# 25 जून को जनसुनवाई करेंगी अवनी सिंह



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर** : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 25 जून को विकासखंड परिसर में 11 बजे जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न की रोकथाम में पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने आदि मामलों की सुनवाई करेंगी। तत्पश्चात ब्लॉक क्षेत्र के गांव गोहावर में चौपाल कार्यक्रम में भाग लेते हुए आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी।

# रामपुर जनपद में 16 अगस्त तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** आगामी अवधि में मोहर्रम, समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा, रक्षाबंधन, चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी आदि त्यौहारों के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 लागू की है। एडीएम (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में लोक व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जनव्यवस्थायें बनाए रखने के लिए धारा 163 लगाई गई है। जिसे 16 अगस्त, 2025 तक लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद में ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों और अन्य ऐसे कर्मियों, जो शासकीय अस्त्र-शस्त्र धारण करने हेतु अधिकृत हैं, उन्हे छोड़कर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से अस्त्र-शस्त्र बिना अनुमति के अपने पास नहीं रखेगा न ही प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा, जिसका उद्देश्य किसी नियम विरूद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। इस अवधि के मध्य पड़ने वाले त्यौहारों पर किसी प्रकार की नई परम्परा प्रारम्भ नहीं की जायेगी। कोई भी व्यक्ति / संगठन आवागमन के साधन जैसे रेल, सड़क यातायात, विद्युत व्यवस्था, जल आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण जनहित की सेवाओं में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं करेगा। किसी भी व्यक्ति/संगठन/समूह/सम्प्रदाय/धार्मिक व राजनैतिक दल द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किए जनपद में कोई भी जुलूस, धरना प्रदर्शन, घेराव, पदयात्रा, वाद-विवाद, नारेबाजी इत्यादि नहीं की जाएगी। धरना-प्रदर्शनों / जुलूसों / आन्दोलनों/सार्वजनिक कार्यक्रमों के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन से जारी दिशा निदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम-2011 के अंतर्गत तंबाकू एवं निकोटिन युक्त पान मसाला, गुटका का निर्माण, भंडारण व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

# फुटकर विक्रेतओं को किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग कदापि ना की जाए जिला कृषि अधिकारी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बैठको में प्रतिभाग किया। बैठक में उपस्थिति रहे जसवीर सिंह, जिला कृषि अधिकारी, अमित कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी, शिवम तिवारी, उप प्रबन्धक, इफको, राकेश कुमार सिह, प्रो० श्री आशाराम ट्रेडर्स, बिजनौर, संजय कुमार राजपूत, प्रो० ओम ट्रेडिंग कम्पनी, बिजनौर, प्रदीप कुमार सिंह, प्रो० सिंह एन्टरप्राइजेज, बिजनौर। सार्थक शर्मा, प्रो० किसान खाद भण्डार, नहटौर, बिजनौर, विपिन गुप्ता, प्रो० शिवा ट्रैर्डस, बिजनौर, मुकेश कुमार प्रो० छाबडा ट्रैडर्स, नजीबाबाद, धीरज कुमार प्रो० जगदीश प्रसाद सुरेश चन्द, धामपुर। सोमवार को आयोजित बैठक में जसवीर सिंह तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक थोक विक्रेताओं को अवगत कराया गया कि जनपद मे सभी आवश्यक उर्वरको की पर्याप्त मात्रा मे आवक बनी हुई है। वर्तमान में गन्ने में यूरिया उर्वरक की ट्राप ड्रैसिंग का कार्य तीव्र गति से चल रहा है तथा धान फसल की बुवाई /रोपाई का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। कृषकों को तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण किया जाए, किसी भी दशा में उर्वरकों की भारी मात्रा में बिक्री ना की जाए और उर्वरक वितरण निर्धारित व्यवस्था के अनुसार समस्त आवश्यक अभिलेख पूर्ण करते हुए ही किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# एसपी ने महिला हेल्प डेस्क का रिबन काटकर उद्घाटन तथा सीसीटीएनएस कक्ष व पुस्तकालय का जीर्णोद्धार किया

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**चंदपा।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा थाना चन्दपा जनपद हाथरस परिसर मे नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क का रिबन काटकर उद्घाटन तथा सीसीटीएनएस कक्ष व पुस्तकालय का जीर्णोद्धार किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर 24*7 घण्टे महिला आरक्षी की ड्यूटी रहती है। जिससे क्षेत्र की महिलाए अपनी किसी भी समस्या अथवा शिकायतों को बिना झिझक के साझा-दर्ज करा सकती है। आधुनिक सीसीटीएनएस कक्ष के माध्यम से पुलिस थाने प्रथम सूचना रिपोर्ट, आरोप पत्र, अन्तिम पत्र आदि ऑनलाईन किये जाने वाले कार्यों में सुगमता मिलेगी तथा क्षेत्र के बच्चों-बच्चियों के लिए बनी पुस्तकालय का जीर्णोद्वार कराते हुए सभी प्रकार की पुस्तके उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे बच्चों-बच्चियां किसी भी प्रकार की तैयारियां पुस्तकालय में रहकर कर सकते हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय-अपराध श्यामवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात अमित पाठक, प्रभारी निरीक्षक थाना चन्दपा व थाना चन्दपा के अधिकारी-कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# भारतीय मीडिया महासंघ ने जनसेवकों सहित पत्रकार बंधुओं का किया सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया

**झांसी** । नगर के औपारा रोड पर स्थित स्थानीय विवाह घर में भारतीय मीडिया महासंघ जनपद झांसी के जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा के निर्देशन में मोंठ तहसील अध्यक्ष नासिर खान द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों, प्रधानों व जनसेवकों सहित पत्रकार बंधुओ का सम्मान समारोह संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय मीडिया महासंघ प्रदेश सचिव मोहम्मद कलाम कुरैशी एवं बुंदेलखंड अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल एंव विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आशीष यादव प्रधान मुडेई,वरिष्ठ समाजसेवी श्याम बिहारी खटीक,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप रेजा,जिला कोषाध्यक्ष बृजेन्द्र कुशवाहा एंव जिला मीडिया प्रभारी राशिद पठान रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने की ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि कलाम कुरैशी ने भारतीय मीडिया महासंघ के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन का उद्देश्य बताया एवं उन्होंने कहा कि कोई भी पत्रकार छोटा या बड़ा नहीं होता है उसकी कलम की धार अर्थात उसकी लेख से उसकी पहचान होती है ।उसके लेख ही बताते हैं उसकी पत्रकारिता का अनुभव ।हमारा संगठन उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि अखंड भारत में तेजी से बढ़ रहा है और पत्रकार बंधुओ के लिए एक मिशाल व सुरक्षा कवच साबित हो रहा ।वहीं जिला अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने अपने विचार रखें ।इसी बीच जनसेवकों में चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू पांडे,नाजिर खान, आशीष यादव प्रधान मुडेई, जनसेवक महेंद्र उर्फ बिंदी कुशवाहा, पहल फाउंडेशन अध्यक्ष निखिल द्विवेदी ,अफसर अली, अमित शिवहरे , परशुराम कुशवाहा जिला सचिव, अंकित गौतम टहरौली प्रभारी, जनमेन्द्र कुशवाहा जिला सचिव, राजकुमार बाल्मिक, महेंद्र चौरसिया नगर अध्यक्ष चिरगांव ,नजमा खान ,पंकज रावत ,जे पी यादव सहित आदि पत्रकार बंधुओ एंव जनसेवकों,प्रधानों का सम्मान समारोह किया गया जिसमें सभी जनसेवकों एवं पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह सहित गमछा भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कोषाध्यक्ष एवं मोंठ तहसील प्रभारी/गरौठा तहसील प्रभारी पत्रकार बृजेन्द्र कुशवाहा ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में मोंठ तहसील अध्यक्ष नासिर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# दूरसंचार व्यवस्था सुचारू नही होने से लाहूरघाटी के ग्रामीणों में रोष

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में संचार व्यवस्था दुरुस्त करने के दावे अब भी धरातल पर खरे नही उतर पा रहे है।जिला मुख्यालय से लगभग 19 किमी दूरी पर स्थित लाहुर घाटी क्षेत्र में पन्द्रहपाली, हड़बाड, पुरकोट, जाख ग्रामों में विगत 15 दिन से मोबाइल टावर बंद पड़े हुए है। एयर फाइबर वाई-फाई का कनैक्शन भी सभी ग्राम पंचायतों में बाधित है। क्षेत्रवासियों द्वारा दूरसंचार विभाग को कई बार संचार व्यवस्थादुरुस्त करने की मांग के बाद भी क्षेत्र में लगाए गए मोबाइल टावर शो पीस बनकर रह गए हैं। अब तक कोई भी कार्यवाही विभाग द्वारा नहीं किए जाने सेक्षेत्रवासियों में रोष है।संचार व्यवस्था बाधित होने से क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों में अपने देश प्रदेश में रहने वाले परिचितों रिश्तेदारों से संपर्क नही हो पा रहे हैं ।ऐसे में लोगों के मोबाइल फोन मात्र शो पीस बनकर रह गए हैं। कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नही होने के कारण समस्त ग्राम पंचायतो से दूर संचार की व्यवस्थाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। जिस कारण आपदा के समय में किसी भी प्रकार कीआपातकालीन स्थिति में सूचनाओं का आदान प्रदान नही किया जा सकता है। पंचायती चुनाव होने के साथ ही स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। जिसमें छात्रों को ऑनलाइन3 सूचनाओं का आदान-प्रदान करना होता है। जो कि सम्भव नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी से जल्द व्यवस्था सुचारू ।नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है ।लोगो ने अपनी मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व प्रधान भिलकोट दिनेश पांडे,यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, नवीन परिहार, मनोज हलेरिया, हड़बाड़ प्रधानसुनीता देवी निखिल सिंह,खीम सिंह, दीपा देवी,बबीता कुंवर आदि मौजूद थे।




# 10 जुलाई गुरुवार को पारंपरिक अंदाज में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

वेलकम इंडिया

**कटनी** / अनन्त श्री विभूषित परम पूज्य गुरुदेव पंडित देवप्रभाकर शास्त्री ₹दद्दा जी₹ एवं पूजनीय गुरुमाता ₹जिज्जी₹ की असीम कृपा से पूज्य बड़े भैया डॉ ₹अनिल शास्त्री जी₹ के सानिध्य में आगामी 10 जुलाई को कटनी में होने वाले ₹गुरू पूर्णिमा महोत्सव₹ की तैयारियो को लेकर ₹दद्दा जी₹ शिष्य मंडल की बैठक श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में संपन्न हुई गुरु पूर्णिमा महोत्सव दद्दा जी शिष्य मंडल भारतवर्ष के द्वारा गुरुवार 10 जुलाई को उमंग व उल्लास के साथ मनाया जाएगा ।गुरु शिष्य के बीच स्नेह के इस उत्सव को लेकर शिष्य मंडल में उत्साह दिख रहा है। शिष्य मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव में होने वाले धार्मिक आयोजनों के तैयारी जोर-शोर के साथ की जा रही है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सुबह गुरुभाई परिवार एवं श्रद्धालु जन सुबह 7 बजे गुरु चरण पादुका की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेगे 8:00 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण 12:00 महा रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। इस दौरान प्रसिद्ध राधे राधे मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। दोपहर में महा आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है । दद्दा जी शिष्य मंडल कटनी भारतवर्ष ने सभी गुरुभाइयों, श्रद्धालुओं से सपरिवार ₹गुरु पूर्णिमा महोत्सव₹ में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



# बदमिजाज दरोगा पर कौन करें करवाई,डरते हैं पुलिस अफसर!

वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद** । जलालपुर थाना क्षेत्र निवासी एंव पत्रकार प्रेस क्लब के जिला संयोजक विवेक सिंह ने थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए सीओ केराकत को लिखित बयान देकर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़ित पत्रकार विवेक सिंह ने बताया है कि उन्होंने क्षेत्र में गांजे की अवैध बिक्री और थाने पर पीड़ितों की उपेक्षा से जुड़ी खबर प्रकाशित की थी, जिससे नाराज होकर जलालपुर थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने उन्हें गालियाँ दीं और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी तक दे डाली। पत्रकार ने आरोप लगाया है कि उन्होंने बीते 3 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक समेत अन्य उच्चाधिकारियों को इस संबंध में पत्रक सौंप कर कार्रवाई की मांग किया था परंतु थाना अध्यक्ष त्रिवेदी सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। हां इतना जरूर हुआ कि कार्यवाही की बजाय पीड़ित पत्रकार की थानाध्यक्ष ने अपने दलालों के माध्यम से उनका और प्रताड़ना करवाना शुरू कर दिया है। पीड़ित पत्रकार विवेक सिंह का कहना है कि थानाध्यक्ष ने एक साजिश के तहत उनके पट्टीदार अमरजीत सिंह और अपने मित्र वाराणसी निवासी नितिन राय को अपने प्रभाव में लेकर गलत बयानों के सहारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बदनाम करने की कोशिश की। साथ ही, थाना अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के एक अन्य मित्र के माध्यम से उन्हें फोन करवा कर यह धमकी दी गई की आपके खिलाफ थाना अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह मुकदमा दर्ज करने वाले हैं जमानत भी नहीं होगी। पत्रकार ने यह भी आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह लगातार उच्चाधिकारियों को मेरे विरुद्ध न्यायालय से बेदखली का आदेश होने की झूठी बात व अन्य भ्रामक जानकारी देकर अधिकारियों को गुमराह करने के साथ मामले को दबाने और उलझने का प्रयास कर रहे हैं। पत्रकारों ने मांग किया है कि खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार को धमकी देने, अपमानजनक व्यवहार करने और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने जैसे कृत्यों के लिए थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।



# डॉक्टर उस्मान को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा से निष्कासित कर दिया गया है

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर किरतपुर।** डॉक्टर उस्मान हाल निवासी कोट कादर मंसा थाना नगीना देहात जिला बिजनौर को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा से निष्कासित कर दिया गया है कामरेड शमशाद हुसैन उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा को डॉक्टर उस्मान की इस तरह की गतिविधियां मिली जिससे उनके कृतियों से समाज में संगठन की छवि धूमिल हो रही थी और इसके लिए उन्हें समझाया भी गया था लेकिन उन्होंने अपने व्यवहार में बदलाव नहीं किया और संगठन के एक बुजुर्ग साथी के साथ विश्वास घात किया जिससे संगठन के साथी को भारी मानसिक आघात पहुंचा है संगठन की छवि को समझ में धूमिल करने वाले और गैर सामाजिक कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति संगठन में नहीं रखा जाएगा इसलिए डॉक्टर उस्मान को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा जनपद बिजनौर से निष्कासित कर दिया गया है।



# किसानों के हित में समर्पित है भाकियू,मजहर लाला



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर में भारतीय किसान यूनियन(टिकैत)का प्रभाव बढ़ता जा रहा है ।भाकियू की किसान हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर लगातार लोग इस संगठन का दामन थाम रहे हैं। सोमवार को किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला के नेतृत्व तथा नगर सचिव रफीक अहमद की मौजूदगी में नगर के कई किसानों ने संगठन से जुड़ते हुए बाकायदा सदस्यता ग्रहण की और यूनियन का विस्तार करने सहित संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। सोमवार को सदस्यता ग्रहण करने वालों में शराफत पहलवान, लियाकत अली,अशरफ अली,फिरासत अली, महमूद अली आदि किसान शामिल रहे। नव नियुक्त सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन एक गैर राजनीतिक संगठन है,जो किसानों के हित में काम करता है ।नए सदस्य इसके उद्देश्य को समझें और पुराने साथियों के साथ मिलकर किसानों की भलाई के लिए काम करें। इस मौके पर मुईद सैफी एडवोकेट, फरीद अहमद,मो0 रिजवान,मो0 रफीक आदि मौजूद रहे।

# बरेली की लीलौर झील बनेगी धार्मिक पर्यटन स्थल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** महाभारत कालीन पांचाल प्रदेश की उत्तरी राजधानी अहिच्छत्र में स्थित प्राचीन लीलौर झील अब धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली प्रशासन ने झील के जीर्णोद्धार की कमान संभाल ली है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इस संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि लीलौर झील महाभारत काल के पांडव और यक्ष संवाद की साक्षी है। इसकी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए इसे पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित किया जा सकता है। झील में प्रवासी पक्षियों की भरमार और प्राकृतिक सुंदरता इसे और भी आकर्षक बनाती है। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिए कि झील के जीर्णोद्धार से जुड़े कार्यों का एस्टीमेट तत्काल तैयार कराया जाए। जहां सड़कों और इंटरलॉकिंग में टूट-फूट है, वहां मरम्मत कार्य प्राथमिकता पर हो। झील के किनारे साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और गंदे पानी के प्रवाह को रोकने के लिए नालों की सफाई कराई जाए। ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया कि वे गांव के लोगों को लीलौर झील की स्वच्छता को लेकर जागरूक करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गंदा पानी या कचरा झील में न जाए। विद्युत विभाग को झील क्षेत्र में ट्यूबवेल लगाने के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर कार्य प्रारंभ करने को कहा गया है। वहीं, वन विभाग को झील के चारों ओर पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि झील का प्राकृतिक सौंदर्य और अधिक निखरे। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्पष्ट कहा है कि झील के विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि झीलों और नदियों को पुनर्जीवित कर पर्यावरण, आस्था और पर्यटन का समन्वय स्थापित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप जिलाधिकारी आंवला नहने राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




# यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर काटे 398 चालान

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार)पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जनपद में दुर्घटना संभावित स्थानों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों, वाहनों मे अनुमानिक संख्या से अधिक सवारियाँ ले जाने, ड्रिंक एंड ड्राइव शराब का सेवन कर वाहन चलाना, बिना हेलमेट,बिना सीट बेल्ट,दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी,दोष पूर्ण नम्बर प्लेट, ओवर स्पीड आदि वाहनो की चैकिंग की गयी तथा आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु जागरुक किया गया तथा सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई । इस दौरान यातायात नियमो का उल्लंघन पर कुल 6 लाख ढाई हजार रुपये के 398 चालान किये गये । इस दौरान वाहन चालकों व आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस ने बिना हैलमेट पर 292, यातायात नियमों के उलंघ्घन करने पर 51, बिना नम्बर प्लेट-5, बिना सीट बेल्ट के वाहन 33 और ओवर स्पीड वाहन चलाने पर 17 चालान किए गए।



# 15 जोनल मजिस्ट्रेटों और 61सेक्टर मजिस्ट्रेटों को को दिया गया प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर जनपद को 12 जोन और 55 सेक्टरों में बांटा गया है। जिसमें आरक्षित सहित 15 जोनल मजिस्ट्रेट व आरक्षित सहित 61सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं ।सैक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण सत्र कोसम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है ।उन्होंने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और बुकलेट का अध्ययन करने के निर्देश दिए। कहा कि कहीं भी कोई शंका हो तो समय रहते मास्टर ट्रेनर से उसका समाधान कर लें। उन्होंने अपने क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना पर पूर्ण निगरानी रखें और तत्काल इसकी सूचना दें ।उन्होंने बताया कि सारी प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार की जानी है। चुनाव प्रक्रिया में सभी कार्मिको का अहम रोल होता है सारे काम टीम वर्क से किए जाते हैं। किसी की छोटी लापरवाही से पूरी निर्वाचन प्रक्रिया बाधित हो सकती है। इसको लेकर कहीं भी किसी प्रकार का कम्युनिकेशन गैप नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण सामग्री की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर राजीव जोशी ने सभी मजिस्ट्रेटों को अपने क्षेत्रों में मतदान से पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद मजिस्ट्रेट के कर्तव्य एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। इस दौरान, डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# 40 लाख की अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** शहर में सक्रिय अफीम तस्करों पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बारादरी, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए इन तीनों तस्करों के पास से दो किलो हाई ग्रेड अफीम, दो मोबाइल फोन और करीब चार हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान कृष्ण कुमार उर्फ आशू निवासी मिलक मझरा थाना भमोरा, तेजपाल निवासी ग्राम खुर्द थाना फरीदपुर और ताराचंद्र निवासी ताल गौटिया थाना फरीदपुर बरेली के रूप में हुई है। पुलिस ने इन तीनों को 22 जून की रात विकास भवन के पीछे वाली सड़क से उस वक्त दबोचा जब वे माल लेकर रवाना होने वाले थे।

# विधायक के गनर पर व्यापारी से मारपीट का लगा आरोप!

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में व्यापारी राजीव गुप्ता के साथ हुई मारपीट की घटना ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। आरोप है कि इस हमले में स्थानीय विधायक के गनर और उनके करीबी शामिल थे। लेकिन घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस की कार्रवाई न होने से व्यापारियों का गुस्सा भड़क उठा है। सोमवार को शहर के प्रमुख व्यापारी संगठन और व्यापारियों ने संयुक्त रूप से एसएसपी कार्यालय पहुंचकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही और राजनीतिक दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। आपको बता दें कि दो दिन पहले नवाबगंज निवासी व्यापारी राजीव गुप्ता पर कुछ दबंगों ने ढाबे पर जानलेवा हमला किया था। घटना में राजीव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों में विधायक का गनर और उनके कुछ नजदीकी लोग शामिल हैं। पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। इससे स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने दो टूक कहा है कि यदि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो बरेली जनपद में व्यापारिक आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अगर विधायक के गनर जैसे लोग खुल्लमखुल्ला गुंडागर्दी करेंगे और पुलिस मूकदर्शक बनी रहेगी, तो व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस करेंगे। व्यापारी संगठनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है।



# जलाभिषेक समिति द्वारा नाथ नगरी बरेली में शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पवित्र सावन पर्व पर नाथ नगरी के नाम से प्रसिद्ध बरेली में जलाभिषेक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के प्रथम चरण में आज सुख समृद्धि पूर्ति के लिए विशाल रुद्धाभिषेक व अंगार बाबा त्रिवटीनाथ मन्दिर पर सम्पन्न हुआ। जिसमें स्त्री, पुरुष व बच्चों ने उत्ससाह पूर्वक प्रतिभाग किया। इससे पूर्व नाथ नगरी समिति के अध्यक्ष बृजवासी अग्रवाल के निर्देशन में श्यामगंज मन्दिर पर नाथ नगरी चालीसा व हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया, मन्दिर परिसर में एकत्र श्रद्धालु अपने अपने वाहनों पर नन्दी ध्वज लगाये गले में गंगाजली माथे पर केसारिया पटटी बाँधे यात्रा में शामिल हुये। जलाभिषेक शोभा यात्रा प्रातः 7 बजे श्यामगंज मन्दिर से प्रारम्भ होकर शंख ध्वनि के साथ सर्वप्रथम गंगापुर चौराहा, मूर्ति नर्सिंग होम, मैकनियर रोड़, सूद धर्मकांटा होते हुये बाबा त्रिवटीनाथ मन्दिर पहुँची। भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए प्राचीन प्रकट शिवलिंग बावा त्रिवटीनाथ मंदिर में वैदिक मन्त्र उच्चारण के द्वारा पंडित आशुतोष शर्मा ने सामूहिक रूद्धाभिषेक सम्पन्न कराया। गंगाजल, दूध, दही, शहद, धतूरा, वस्त्र, रूद्धाक्ष, माला, बंदी ध्वज भोले का अर्पण कर भोले का अंगार किया गया। तपश्चात आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सभी शिव भक्तों ने लंबी लाइन लगाकर भोले नाथ के दर्शन किये व ओम नमः शिवाय, हर हर बम बम भोले के जयकारे के साथ प्रणाम किया। गंगापुर चौराहा, मूर्ति नर्सिंग होम, सूद धर्मकांटा, बाबा त्रिवटी नाथ मंदिर पर विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा की। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज देवल ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 30 जून दिन सोमवार को बाबा अलखनाथ, नाथ मंदिर पर विशाल सामूहिक रुद्राभिषेक किया जायेगा।

इस मौके पर समिति के पदाधिकारी ब्रजवासी लाल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, धर्मेश अग्रवाल, मनोज देवल, पंकज देवल, रितेश अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, रामस्नेही शर्मा, शोभित अग्रवाल धर्मार्थ सक्सेना, रोहित अग्रवाल, कपिल गुप्ता, अरविन्द पाण्डेय, तुषार गुप्ता, तीरथ राम, संजय अग्रवाल आदि ने जलाभिषेक शोभा यात्रा में शामिल रहें।

# विद्यालय के छात्र ने की छात्र एवं छात्राओं पर तुलनात्मक मनोवैज्ञानिक रिसर्च



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के स्नातकोत्तर एम ए साइकोलॉजी के छात्र स्वर्णिम कौशिक द्वारा मनोविज्ञान के विषय में प्रोफेसर मंजू खोकर के संरक्षण में की गई खोज के फलस्वरूप कुछ अविश्वसनीय परिणाम सामने आए, वे छात्राएं जो सरकारी विद्यालय में पढ़ रही है, निजी विद्यालयों की छात्राओं की तुलना में उनमें अधिक आत्म सम्मान पाया गया एवं वे छात्र जो निजी विद्यालय में है, सरकारी विद्यालय की तुलना में अधिक आत्म सम्मान रखते है। इस अवसर पर सभी कॉलेज के प्रोफेसर एवं छात्राओं ने छात्र को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मनीषा अहलावत 25 जून को करेंगी जनसुनवाई

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़/उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्या श्रीमती मनीषा अहलावत 25 जून 2025 को सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में महिलाओं से जुड़े उत्पीड़न मामलों की जन सुनवाई करेंगी उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालिका /महिला गृह आंगनबाड़ी केंद्रों करेंगी निरीक्षण।

आपको बता दें कि माननीय सदस्य श्रीमती मनीषा अहलावत उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश का आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम दिनांक 25 जून 2025 को आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 25 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस हापुड़ में जनसुनवाई आहूत होनी प्रस्तावित है। इसके उपरान्त राज्य महिला आयोग सदस्या मनीषा अहलावत के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालिका /महिला गृह एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# आगामी त्योहारों से पूर्व थाना प्रांगण में बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** आगामी त्यौहार कावड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर अपने-अपने विचार रखे? नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। आगामी महा जुलाई में कावड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व का त्यौहार आने वाला है त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन तैयारीयों में जुटा हुआ है। सोमवार को थाना प्रांगण में नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने शांति समिति की बैठक बुलाई। बैठक का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने किया अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने की। इस दौरान बैठक में समाजसेवी एडवोकेट नावेद जंग ने बोलते हुए कहा कि नगर एवं क्षेत्र मैं हमेशा भाईचारा कायम रहा है। नगर एवं क्षेत्र के सभी लोग एक दूसरे के त्यौहार में शामिल होते हुए आए हैं और आगे भी भाईचारा कायम रहेगा। नगर एवं क्षेत्र में कभी भी हिंदू मुस्लिम जैसा फसाद नहीं हुआ है नगर में जमा मस्जिद और मंदिर की एक दीवार है, कब्रिस्तान और शमशान की एक दीवार है। व्यापारी सचिन गोयल ने कहा कि जब जब देश में हिंदू मुस्लिम जैसे झगड़े हुए हैं तो नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने आगे आकर भाईचारा कायम किया है। नगर एवं क्षेत्र के लोग आपस में दीपावली एवं ईद उल फितर, होली, बकरीद जैसे त्यौहार मनाते हैं। कांधला नगर गंगा जमुनी तहजीब के नाम से जाना जाता है। नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने नगर एवं क्षेत्र से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा कायम करें आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग दें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें आगामी माह? जुलाई में कावड़ यात्रा एवं मोहर्रम पर्व का त्यौहार आने वाला है। पुलिस प्रशासन ने त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारी कर रखी है। कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने कई जगहों पर पुलिस पॉइंट, चेक पोस्ट बनाए हैं जिन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर है अगर कोई भी भड़काऊ पोस्ट, आपत्तिजनक सामग्री शेयर करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बैठक में जुनैद अली, पूर्व चैयरमेन वाजिद हसन, पवन कंसल, एलम चेयरमैन अश्वनी पवार, अफजल मेंबर, दीपा पवार, अमन मित्तल, फैसल बैग, उमर नवाज, रणवीर रप्रधान, बदरुल इस्लाम, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने युवक को नाजायज चाकू के साथ किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़/डीआईजी कल निधि नैथानी परिक्षेत्र मेरठ के आदेश क्रम में अपराधियों पर कमरतोड़ कार्रवाई करने को लेकर चलाए जा रहे। ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने एक नफर अभि0 रकम सिंह पुत्र देवीलाल निवासी न्यू भीमनगर थाना हापुड देहात ने मौहल्ला सोटावाली की तरफ खाली पड़े प्लांट के पास से किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूमते हुए एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0-200/25 धारा 4/25 ए एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# यू पी महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिह का पूर्व विधायक धीरज ओझा सैकडो कार्यकर्ताओं संग किया स्वागत

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार आगमन हुआ। जिनके प्रतापगढ़ की सीमा मे पहुचने पर स्थानीय सगरा सुन्दरपुर बाजार मे पूर्व विधायक धीरज ओझा सैकडो गाडियो के काफिले सग हजारो की संख्या मे पहुँच माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम अनुसार माननीय अध्यक्षा साथ आयी महिला आयोग सदस्य जरदारी सग प्रतापगढ़ के रानीगंज में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु जनसुनवाई/संवाद एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उन्होने इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से संवाद कर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित होने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा महिला उत्पीड़न एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ न मिलने के सम्बन्ध में 190 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये जिस पर महिला आयोग की अध्यक्ष ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो भी शिकायती पत्र प्राप्त हुये है उसका स्वतः संज्ञान लेते हुये जांच करें और जिन पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ नही मिला है उन्हें योजना से लाभान्वित करायें। उन्होने निर्देशित किया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित जो भी शिकायते है उसकी गहनता से जांच करते हुये महिलाओं को न्याय दिलाया जाये। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं हैं और महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

# बदहाल कुएँ का ग्राम प्रधान ने कराया जीर्णोद्धार

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** बेलहर कला ब्लाक के लोहरौली ठकुराई में वर्षों से लोगों की प्यास बुझाने वाले कुएँ बदहाल हालत में पहुँच गया था। प्रधान ने कुएँ की बदतर हालत को देखते हुए उसका जीर्णोद्धार करा दिया है जिसकी ग्रामीणों ने प्रशंसा की है।

दशकों से उपेक्षा का दंश झेल रहे कुएँ की किस्मत तब बदल गयी जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ने कुएं की तस्वीर बदलने का फैसला किया और लोगों को शीतल जल पिलाने वाले इस कुएं का जीर्णोद्धार करा दिया। जो कि आकर्षण का केन्द्र बन गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ने प्रधान बनने के बाद से लगातार गांव के विकास के लिये मेहनत कर रहे है। ओपन जिम की स्थापना, मंदिर का जीर्णोद्धार, गली गली इंटरलाकिंग, नाली निर्माण कार्य आदि ने गांव के विकास की तस्वीर बदल गयी है।

# सुम्हा ग्राम पंचायत में हुई सोशल ऑडिट की बैठक




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सोमवार को विकास खण्ड बेलहर कला ब्लॉक के गांव सुम्हा में मनरेगा से हुए विकास कार्यो का सत्यापन कार्य सोशल ऑडिट टीम द्वारा किया गया। इसके साथ ही टीम ने गांव में ग्रामीणों संग बैठक कर विकास कार्यो की हकीकत को भी परखा। बेलहर कला ब्लॉक के सुम्हा में सोशल आडिट टीम की बैठक आयोजित हुई। जिसमे टीम के अनुराधा सिंह, गंगाराम, सत्यभामा, कौशल ने पीएम आवास, मेड़बंदी, आवास, सहित मनरेगा से हुए विकास कार्यो की जमीनी हकीकत को परखने के साथ ही बैठक के माध्यम से मनरेगा से हुए विकास कार्यो पर बिन्दुवार ग्रामीणों से फीडबैक भी लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान संध्या दूबे, विनय कुमार दूबे, बालगोविन्द, प्रिया कुमारी, श्रीराम दूबे, मंत्री, काशी प्रसाद, अकबर अली, सोनू कुमार, झुलनी, गुड़िया, बहौना, गौरा देवी, नवजाती, पूजा आदि मौजूद रहे। इस दौरान सब ठीक ठाक पाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर अपनी सहमति जताई।

# अनर्सा गांव में आम रास्ता क्षतिग्रस्त किए जाने ग्रामीण नाराज



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** अनर्सा गांव के सन तोक के लोगों ने ग्रामीणों का आम रास्ता क्षतिग्रस्त किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। नाराज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक वह चुप नहीं रहेंगे। वही ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने इसी आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भी सौंपा। ग्रामीण सोमवार जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां जिलाधिकारी परिसर में सभा की। वक्ताओं ने कहा कि भैसियधार से गौरिउडियार को आने जाने वाले हमारी मवेशियों एवं दानपुर व मल्ला कत्यूर को मिलाने वाले आम रास्ते को बची राम पुत्र कालू राम ने 25 मीटर तोड़ दिया है।

# रक्तदान एक महान कार्य है : पंकज कौंडल

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला एवं जनता अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आज बरवाला स्थित अफखल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाया गया, जिसमें कई युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि बरवाला उपमंडल अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक पंकज कौंडल उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव राजेन्द्र भट्ट, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल तथा शाखा महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती गुंजन गोयल ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर व पुष्प भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथियों ने रक्तदान को जीवनदान बताते हुए कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो न केवल दूसरों की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज सेवा के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। शिविर की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य जिले सिंह जाखड़ ने की। इस शिविर के प्रकल्प प्रमुख डॉ. सुशील कुमार वर्मा व पवन सैनी रहे जिन्होंने पूरे आयोजन की रूपरेखा तैयार की व शिविर को सफलतापूर्वक संचालित किया। अफखल ब्लड सेंटर के संचालक रोशन लाल सैनी, डॉ अन्नतराम बरवाला, सुनील कुमार सिंगला व शिव कुमार कौशिक ने भी शिविर में भाग लेकर रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि रक्तदान करना हर नागरिक का सामाजिक उत्तरदायित्व है। गायत्री शाखा बरवाला से जसवंत सिंह लोहान व पवन सैनी ने अपनी धर्मपत्नी के साथ रक्तदान कर एक मिसाल कायम की। गायत्री शाखा के जिले सिंह, अनिल कौशिक व सुरेश चन्द्र आदि सहित अन्य सदस्य भी इस दौरान उपस्थित रहे और शिविर की व्यवस्था में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अध्यक्ष पवन शर्मा ने सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों, चिकित्सा स्टाफ और सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद गायत्री शाखा समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

# खटियावा से सुम्हा संपर्क मार्ग पर जलभराव से राहगीरों की बढ़ी परेशानी



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के गांव खटियावां से सुम्हा संपर्क मार्ग पर भरवलिया बाबू में सड़क पर जलभराव राहगीरों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जानकारी के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव खटियावां से सुम्हा संपर्क मार्ग लगभग दर्जन भर गांवों को बीएमसीटी मार्ग से जोड़ता है इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते जाते हैं इस सड़क पर भरवलिया बाबू में सड़क पर पानी भरा रहने से राहगीरो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय ग्रामीण शुभम, काशी प्रसाद, सोनू कुमार, विनोद कुमार, मंत्री सहित दर्जनों लोगों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# रिफाइनरी के 800 मजदूरों ने किया निराहार सत्याग्रह

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी के 800 से अधिक संविदा श्रमिकों ने शनिवार के दिन निराहार रहकर कार्य किया और प्रबंधन द्वारा उनकी मांगें पूरी न करने पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। विगत 9 जून को प्रस्तुत मांग-पत्र के द्वारा पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन की कांट्रेक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट ने संविदा श्रमिकों के बीच पारिश्रमिक और सुविधाओं के असंवैधानिक अंतर को समाप्त करने हेतु बर्ष 2017 से देय यातायात भत्ता एरियर सहित दिये जाने और जनवरी 2025 से देय ग्रेच्युटी और लीव एनकेशमेंट का सभी ट्रेड्स में भुगतान कराने के लिए अवैध रुप से पारिश्रमिक की वापसी पर रोक लगाने और निकाले गये श्रमिकों की कार्य बहाली की मांग की है। यूनियन ने श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए रिफाइनरी स्तर पर तंत्र विकसित करने की मांग भी रखी है। भूख हड़ताल में सुबह 8 बजे से रिफाइनरी प्लांट, रिफाइनरी नगर, रिफाइनरी अस्पताल और स्वर्ण जयंती अस्पताल के संविदा श्रमिकों ने उत्साह के साथ निराहार श्रम सत्याग्रह में भाग लिया एवं मजदूर विरोधी रिफाइनरी प्रबंधन को कुंभकर्णीय नींद से जगाने का प्रयास किया है। यूनियन के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट ने श्रमिकों के इस निराहार श्रम सत्याग्रह को विलक्षण गांधीवादी प्रयोग बताया है। साथ ही कहा है कि तानाशाह रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल के रवैए से रिफाइनरी मजदूर पिछले काफी समय से परेशान चल रहे हैं। जिनकी ओर रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया है। साथ ही उम्मीद जताई है कि आईओसीएल मुख्यालय व रिफाइनरी प्रबंधन श्रमिकों की न्यायपूर्ण मांगों का शीघ्र समाधान करे, अन्यथा रिफाइनरी मजदूर जन-आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। यूनियन के मथुरा रिफाइनरी नगर इकाई के अध्यक्ष दिलीप दुबे ने कहा कि यूनियन पदाधिकारियों ने सांसद, राज्य सभा सांसद, आदि जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजकर रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण में सहयोग की अपील भी की है। सत्याग्रह को समर्थन और सहयोग के लिए मथुरा के सभ्य समाज, लेखकों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, रंग कर्मियों और सामाजिक, राजनैतिक कार्यकताओं का यूनियन ने आभार व्यक्त किया है।

# खिलाडी का सम्मान कर मनाया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के शुभ अवसर पर ब्रजभूमि मथुरा की तीरंदाज वरेण्या राणा जिसका चयन भारतीय तीरंदाजी दल मैं हुआ है। जो की कनाडा में होने वाली यूथ / कैडेट वर्ल्ड तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत की तरफ से प्रतिभाग करेंगी उनको और उनके कोच योगेंद्र राणा जी के सम्मान के लिए आज भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ अरविंद चित्तौड़िया जी व जिला कराटे संघ मथुरा के सचिव प्रेमपाल सिंह व गतका खेल संघ मथुरा के सचिव अर्जुन सिंह जी ने आज तीरंदाजी अकादमी पर पहुँच कर बधाई दी व भारत व ब्रज के लिए पदक प्राप्त करे ऐसी शुभकामनाएं दी। जिससे कि भारत व ब्रज नाम रोशन हो। भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ अरविन्द चित्तौड़िया ने कहा जल्द ही सभी खेल प्रशिछक व खिलाड़ियों का परिषद द्वारा सम्मान समारोह एवं ब्रज युवा खेलो का भी आयोजन किया जायेगा।

# बगैर खुली बैठक के आवंटन की तैयारी

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अड़ींग ग्राम पंचायत में 39 करोड की परफॉर्मेंस ग्रांट के एकमात्र बिन्दु 88 लाख में निर्मित मार्केटिंग काम्प्लेक्स निर्माण के अभिलेख जांच दल ने देखे। अन्य किसी बिन्दु को न देखा न जांच की। जांच दल पंचायत भवन से मथुरा लौटते में केवल काम्प्लेक्स तक ही गया। इसमें भी शिकायतकर्ता के कयी आरोपों की पुष्टि हो रही है। आनन-फानन में काम्प्लेक्स की 12 दुकानों की नीलामी का विज्ञापन कर दिया गया है लेकिन सोमवार को पंचायत भवन पर दुकान आवंटन के फार्म नहीं पहुंचे। इधर कुछ पंचायत सदस्यों का आरोप है कि बगैर बोर्ड बैठक के दुकानों की नीलामी का गजट कैसे हो गया। मार्केटिंग काम्प्लेक्स का निर्माण पहले दिन से विवादों में है। आरंभ में भी ग्रामीणों की आपत्ति और कयी पंचायतों के बाद भी निर्माण का स्थान नहीं बदला गया। अंततः खुली बैठक में प्रस्ताव पास कर काम कराया गया। उसमें भी ग्रामीणों को 5 दुकान बनाकर बाकी जगह को धार्मिक महत्व के अनुरूप विकसित करने की बात कथित ग्राम पंचायत के कर्ता कताओं द्वारा कही गई। इस बीच ग्रामीणों ने सैकड़ों वर्षों से कुआं वाली जात लगने वाले स्थान के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखकर दीवानी न्यायालय में वाद डाला। कोर्ट अमीन ने नींव भरने की रिपोर्ट कोर्ट को दे दी। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी शिकायत कताओं ने देदी। इसके बावजूद काम किया गया।

# मवीकलां गांव में ब्रिजेश शर्मा की माता को हजारों लोगो ने दी श्रद्धांजली

वेलकम इंडिया




**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जनपद बागपत के मवीकलां गांव में एमएम डिग्री कॉलेज खेकड़ा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य व प्रसिद्ध समाजसेवी ब्रिजेश कुमार शर्मा की माता सुशीला शर्मा धर्मपत्नी जयसिंह शर्मा की तेहरवीं पर राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक जगत से जुड़े हजारों लोगों ने शिरकत की और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। सुशीला शर्मा की तेहरवीं पर गांव मवीकलां में हवन का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त आयोजित शोक सभा में अनेकों संस्थाओं व गणमान्य लोगों ने सुशीला शर्मा के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनको महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण बताया व उनके धार्मिक व समाजसेवी कार्यो की जमकर प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि सुशीला शर्मा ने समाजहित, जरूरतमंद लोगों की सहायता करना, सभी धर्मो का सम्मान करना, धार्मिक कार्यो में निस्वार्थ भाव से हर सम्भव मद्द करने के जो संस्कार अपने बच्चों को दिये है उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। कहा कि वे बहुत ही परिश्रमी महिला थी और इंसानियत का जीता-जागता उदाहरण थी। इसके उपरान्त सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर बागपत विधायक योगेश धामा, कृष्णपाल चेयरमैन निदेशक सहकारी मिल संघ लखनऊ, इंटरनेशनल अवाडी, महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, प्रवेंद्र धामा प्रमुख, देवेंद्र धामा अध्यक्ष जाट सभा बागपत, आरडी पाराशर ब्राह्मण समाज अशोक नगर दिल्ली, आरडी कौशिक, शैलेंद्र गुप्ता डायरेक्टर ग्रो वे स्कूल दुगार्पुरी, रामकुमार शर्मा ज्ञान ज्योति घिटोरा, प्रवेंद्र खोखर अध्यक्ष प्रबंधक एसोसिएशन बागपत, प्रमोद चौधरी, हैप्पी खटाना, मुकेश कुमार, जोनी शर्मा, संजय त्यागी, नरेश शर्मा डायरेक्टर पब्लिक स्कूल खेकड़ा, जयभगवान शास्त्री, वाई के शर्मा ओम ब्राह्मण समाज दिल्ली, ओमप्रकाश बैंसला वरिष्ठ बीजेपी नेता, देवेंद्र शर्मा आरडब्लूए अध्यक्ष एलआईजी फ्लैट्स, अनिल भारद्वाज वरिष्ठ पत्रकार, रवि पाली, अनिल शर्मा वसुंधरा दिल्ली, नरेंद्र शर्मा सचिव एम एस डिग्री कॉलेज खेकड़ा आदि मौजूद रहे।

# कृष्णा नगर में युवकों द्वारा गुंडागर्दी का मामला सामने आया

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर थाना अंतर्गत सीपेट चौराहे पर कुछ युवकों द्वारा गुंडागर्दी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित आशीष यादव ने आरोप लगाया है कि तुफैल, शिब्बू, जुबैर और जुनैद अपने साथियों के साथ मिलकर चौराहे पर दुकानों के आसपास डेरा डाले रहते हैं और लोगों को टार्गेट करते हैं। जबरन झगड़ा ईंट-पत्थर से हुआ हमला पीड़ित आशीष यादव ने बताया कि जब वह सीपेट चौराहे पर एक फास्ट फूड की दुकान पर समान लेने गया था, तो तुफैल, शिब्बू और जुनैद ने उसके साथ जबरन झगड़ा किया और ईंट-पत्थर से हमला कर उसका हाथ तोड़ दिया। पीड़ित ने कृष्णा नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन इंस्पेक्टर कृष्णा नगर एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत से हिंदू-मुसलमान की बातें निकाल दो तो दिक्कत हो जाएगी, फिर एफआईआर दर्ज कर देने की बात कही जा रही है। विधायक व उच्च अधिकारियों से शिकायत पीड़ित आज सरोजिनी नगर विधायक और पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायत करने जाएगा और न्याय की मांग करेगा।

# जल निकासी नहीं होने पर बस्ती के लोगों का प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** देहात क्षेत्र की नई बस्ती में पानी की निकासी नहीं होने पर बस्ती के लोगों ने आक्रोश प्रकट करते हुए हंगामा प्रदर्शन किया और निस्तारण की मांग की इस दौरान दर्जनों महिला पुरुष मौजूद रहे। सोमवार को देहात क्षेत्र की नई बस्ती के शमशाद, फारूक, इमरान, मोमिना, अरशद, कासिम, नसीम, हाशिम, नाजिम, यामी, गय्यूर अली, शहजाद, नौशाद, सहित कई महिलाओं ने हंगामा प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि यह पिछले 40 वर्षों से अपनी बस्ती में घर बनाकर रह रहे हैं बस्ती में पानी के निकासी नहीं होने के कारण सड़कों पर जल भराव रहता है। जल भराव में जहरीले मच्छर उत्पन्न हो रहे हैं जिसे गंभीर बीमारी फैलने का डर बस्ती के लोगों को सता रहा है। बस्ती के लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने सांसद विधायक, जिला पंचायत, प्रमुख ग्राम प्रधान, ब्लॉक कार्यालय सहित जिला प्रशासन से निस्तारण की मांग कर चुके हैं मगर उनकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही। बस्ती के लोगों के अनुसार वह चालीस वर्षों से नरक में जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं इस दौरान सभी लोगों ने निस्तारण की मांग की है। ग्राम प्रधान चमन सिद्दीकी का कहना है कि ग्राम प्रधान निधि में पर्याप्त धन नहीं है बजट आने पर निस्तारण कराया जाएगा।

# शालीमार बाग आप पार्टी के पूर्व विधायिका और पार्टी कार्यकर्ताओं ने

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली:** पंजाब के लुधियाना पश्चिम और गुजरात के विसाबदर विधानसभा सीट पर हुए उप-चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवारों ने बड़ी जीत हासिल की है. ये आप के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है. दरअसल, पांच महीने पहले आम आदमी पार्टी (आप) को तब बड़ा झटका लगा था, जब उसे दिल्ली की सत्ता खोनी पड़ी. आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन समेत तमाम बड़े नेता हार गए. राजनीतिक विश्लेषक मानने लगे कि आप की फिर से वापसी करना मुश्किल है. लेकिन सोमवार को आए विधानसभा उप चुनाव के नतीजें ने सबको हैरान कर दिया वही पार्टी और कार्यकर्ता में एक नई ऊर्जा जोश जूनून ला दिया है। शालीमार बाग विधानसभा आप पार्टी के पूर्व विधायिका वंदना कुमार और पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व विधायक के ऑफिस के बाहर जमकर जीत का जश्न मनाया है, एक दूसरे को मिठाई और माला पहना कर बधाई दी।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अन्य जनवादी पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रांतीय सम्मेलन के तीसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कामरेड गिरीश ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकताओं को आहवान किया कि उत्तर प्रदेश सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले लोगों से सावधान रहते हुए हमें प्रदेश में तानाशाह ब फासीवादी सरकार को परास्त कर जनवादी सरकार की स्थापना के लिए हमें लगातार जनता के सवालात महंगाई बेरोजगारी महंगी शिक्षा दलितो पर अत्याचार व अल्पसंख्यकों पर हो रहे दमन के लिए आम जनता के बीच सड़कों पर आंदोलनात्मक कार्यवाही करने के लिए तैयार रहना चाहिए। पार्टी के सम्मेलन में अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले किए जाने की निंदा की क्योंकि अमेरिका की दादागिरी से खाडी के देशों में तनाव पैदा होगा तथा तेल के दामों में इजाफा हो जाएगा तथा आम जनता को महंगाई से गुजरना पड़ेगा इसलिए देश की अर्थव्यवस्था खराब हो जाएगी। पार्टी सम्मेलन में लगातार तीन दिन चर्चा के बाद प्रांतीय कमेटी का चुनाव किया गया जिसमें प्रदेश के जाने-माने ट्रेड यूनियन नेता कामरेड अरविंद राज स्वरूप को पुनः उत्तर प्रदेश सचिव चुना गया।

# आपसी गृह कलह में दंपति ने की आत्महत्या मचा हड़कंप



वेलकम इंडिया

**डिबाई।** डिबाई कोतवाली क्षेत्र के गांव तुलसीगढ़ी से दिल को झकझोर देने घटना सामने आई है, जहां आपसी कलह के चलते एक दंपति ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार पति दिगंबर से किसी बात को लेकर पत्नी मिथलेश की कहासुनी हो गई और कहासुनी इतनी बढ गई पत्नी मिथलेश ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी जैसे है पति दिगंबर हुई तो कुछ देर बाद पति दिगंबर ने भी गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। यह दंपति अपने पीछे दो मासूम बच्चों को अनाथ छोड़ गया है। दोनों की शादी करीब दस साल पहले हुई थी।

# भाकियू अन्नदाता के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन का किया विस्तार

वेलकम इंडिया




**अहमदगढ़/बुलंदशहर** भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा का फूल मालाओं व नोटों की माला से स्वागत किया गया। शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव सैदगढ़ी में संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें मुकेश कुमार बघेल को जिला महामंत्री बुलंदशहर सुलेख गिरि जिला महासचिव दीपक फौजी प्रदेश महासचिव इन सभी को नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी दी गई।

सभी पदाधिकारियो से उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा संगठन में सदस्य जोड़े पूरे भारत में कहीं भी किसानों की कोई भी समस्या है भ्रष्टाचार महिला शोषण रिश्वतखोरी आदि संगठन को तुरंत सूचना दें सभी मिलकर शासन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समस्या का निवारण किया जाएगा। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी नेमपाल सिंह मीणा राष्ट्रीय महामंत्री राजीव चौधरी उत्तर प्रदेश मंत्री रूबी मीणा जिला पंचायत सदस्य बबली सैफी जिला मंत्री दीपक शर्मा फौजी उत्तर प्रदेश महासचिव रमेश प्रजापति नगर अध्यक्ष हुकम सिंह वैध जी अंकित गिरी सिकंदराबाद विधानसभा अध्यक्ष आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बहन के साथ छेड़छाड़ भाई को मारा चाकू, घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक को अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध करना भारी कर पड़ गया। आरोप है कि आरोपी युवक ने युवक पर लाठी डंडों व चाकू से हमला कर घायल कर दिया।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला निवासी युवक ने सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित के पड़ोस का ही एक युवक पीड़ित की बहन के साथ आए दिन छेड़छाड़ करता है। आरोप है कि सोमवार को भी आरोपी युवक ने पीड़ित की बहन के साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित ने बहन के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध किया तो आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़ित पर लाठी डंडों और चाकू से पीड़ित पर हमला कर दिया।

# सत्य सनातन युवा वाहिनी की बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए की गई नियुक्तियां

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** सत्य सनातन युवा वाहिनी की जिला स्तरीय बैठक छतरी वाला मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य संगठन के कार्य विस्तार को गति देना और सक्रियता को और अधिक प्रभावशाली बनाना था। बैठक के दौरान संगठन की संरचना को मजबूत करने के लिए कई नई नियुक्तियां की गईं। सर्वसम्मति से मोदीनगर प्रचार प्रमुख के रूप में मनोज जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि जिला प्रचार प्रमुख का दायित्व राजेंद्र गोयल को दिया गया। इसके साथ ही संजय सिंह को जिला उपाध्यक्ष और विनोद रावत को मोदीनगर नगर महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। इन सभी नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचारधारा को युवाओं तक पहुंचाना, सामाजिक जागरूकता फैलाना और हिंदू समाज को संगठित कर एकजुट करना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बबलू चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें संगठन के प्रति निष्ठावान, निष्पक्ष और समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठन युवाओं की शक्ति को पहचानता है और उन्हें सही दिशा देने का कार्य निरंतर करता रहेगा। बैठक में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें सामाजिक अभियानों, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों, रक्तदान शिविरों और राष्ट्रवादी सांस्कृतिक आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए संगठन की इकाइयों को और अधिक सशक्त किया जाएगा। बैठक का समापन राष्ट्रगान और वंदे मातरम्‌ के सामूहिक गायन के साथ हुआ। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए नियमित बैठकों और जनसंपर्क अभियानों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि सत्य सनातन युवा वाहिनी केवल सांस्कृतिक जागरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र सेवा, गौ-संरक्षण, पर्यावरण चेतना और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार को भी प्राथमिकता देती है।बैठक में सत्य सनातन युवा दल के जिला अध्यक्ष अंकित रुढ़केवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने सड़क निर्माण परियोजना का किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2024-25 में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीकृत ग्राम पतला से ग्राम सुहाना तक की सड़क निर्माण परियोजना का उद्घाटन विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा फीता काटकर किया गया। यह सड़क परियोजना लगभग 2.20 किलोमीटर लंबी है, जिसकी कुल लागत 86.02 लाख है। इस विकास कार्य से ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही ग्राम सुहाना में विधायक निधि से स्वीकृत मतीम के घर से इसरार के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भी शुभारंभ विधायक द्वारा किया गया। इस कार्य की लागत 3.51 लाख है।डॉ. मंजू शिवाच ने इस अवसर पर कहा,विकास ही हमारी प्राथमिकता है।क्षेत्र के प्रत्येक गांव, हर गली को सुदृढ़ आधारभूत ढांचे से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।यह केवल सड़क नहीं, विकास की दिशा में विश्वास का मार्ग है।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रोटेरी क्लब गाजियाबाद-थैंक्स गिविंग सेलिब्रेशन का शानदार किया आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** रोटेरी क्लब गाजियाबाद सेंट्रल के प्रेसिडेंट रोटेरियन अजय शर्मा ने थैंक्स गिविंग सेलिब्रेशन का बहुत शानदार आयोजन साहिबाबाद में किया गया। कार्यक्रम में प्रेसिडेंट अजय शर्मा ने अपने कार्यकाल वर्ष 2024-25 के किये गए कार्यो व उपलब्धियों के बारे में विस्तार से वर्णन किया।सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह व भेंट देकर सबका आभार व्यक्त किया। 2026-27 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित गुप्ता ने अजय शर्मा को बहुत शानदार वर्ष के लिए बधाई दी, साथ में वरिष्ठ रोटेरियन राज कुमार चौधरी, रोटेरियन ललित शर्मा , रोटेरियन रोहित अग्रवाल व रचना अग्रवाल व रोटेरियन अनुपम गर्ग ने भी सभी सदस्यों की तरफ से प्रेसिडेंट अजय शर्मा का धन्यवाद किया। सभी सदस्यों ने भी अजय शर्मा व सुनीता शर्मा को एक भेंट देकर सम्मानित किया।

पूरे वर्ष की गतिविधियों को एक वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। वर्ष 25-26 प्रेसिडेंट रोहित अग्रवाल व रचना अग्रवाल को उनके आने वर्ष की शुभकामनाएं व साथ देने का विश्वास दिया। कार्यक्रम में रोटेरियन स्वाति गुप्ता, रोटेरियन सुधा गर्ग,रो गरिमा शर्मा,रो अतुल गोयल व बीना गोयल,रो मुकेश मंगल, रो नीरज सिंघल व प्रीति सिंघल, रो मनोज सिंघल व मनीषा सिंघल, रो संजय गर्ग व उषा गर्ग,रो दीपक गर्ग व अनुपमा गर्ग,रो सुभाष गर्ग व शिल्पा गर्ग,रो रजत बंसल व गुंजन बंसल,रो राम प्रकाश शर्मा व वीना शर्मा, रो अनिल गुप्ता व निशा गुप्ता ,रो प्रवीण गर्ग व अंजू गर्ग,रो पुष्पेंद्र रावत व कनिका रावत, रो संजय खन्ना व कुसुम खन्ना,रो विशाल सिंघल व श्वेता सिंघल,रो अर्पित गुप्ता व मानसी गुप्ता,रो कपिल गोयल व गुंजन गोयल,रो नरेन्द्र मित्तल व मोनिका मित्तल,रो पराग अग्रवाल व शिल्पी जिंदल,रो आशीष अग्रवाल व प्रीति अग्रवाल,रो प्रदीप गुप्ता व भावना गुप्ता,रो अतुल जैन व अंजू जैन,रो दिनेश त्यागी व रीता त्यागी,रो पंकज मित्तल व रानी मित्तल,शुभी व नकुल,आयुषी व शुभम,अन्ना,अध्वय,अवीर, दो नए सदस्य अनिल बाटला व अनु बाटला, विनय गोयल व आरती गोयल की गरिमामयी उपस्थित रही।

# राष्ट्रीय लोकदल की जिला कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिए गए

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन हुआ । जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल की जिला कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी दिए गए ।इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल मंत्री कुमार ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी । और राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों के बारे में बताया । अनिल कुमार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री माननीय जयंत चौधरी दिन-रात अपने मंत्रालय में ईमानदारी से कार्य कर रहे है जयंत चौधरी सभी समाज को साथ लेकर चलने का काम करते हैं ।क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री योगेंद्र चेयरमैन ने सभी कार्यकताओं को पूरी मेहनत और निष्ठा से पार्टी के प्रचार प्रसार में जुट जाने का आवाहन किया । कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने किया ।इस मौके पर अनिल कुमार मंत्री , क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन , जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी' सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, मनोज धामा चेयरमैन ,दिल नवाज खान ,इंद्रवीर भाटी सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ,अजय पाल प्रमुख,डॉ पूनम गर्ग ,हिमांशु नागर , सत्येंद्र तोमर, राम भरोसे लाल मोरिया ,रवि वाल्मीकि ,मनोज राठी, सुमन चौधरी ,रेखा चौधरी , लोकेश चौधरी ,जगराज बालियां ,रामकुमार पवार ,प्रदीप मुखिया, तुषार बंसल ,देशराज दुहाई , प्रदीप त्यागी ,मनिंदर बिल्ला, दीपू शर्मा ,लोकेश कटारिया ,वीर सिंह सलेमाबाद, अरुण शर्मा, सतपाल सलेमाबाद ,नरेंद्र सिंह, जयवीर नेहरा ,आलोक चौधरी ,तेजवीर दबाना आदि लोग उपस्थित रहे ।

# खनन अधिकारी एवं पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से खनन माफियाओं में मचा हड़कंप




वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** जनपद बुलंदशहर में खनन माफियाओं के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र और शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र में खनन अधिकारी ने अवैध खनन करते हुए कई मशीन जब्त की हैं।बुलंदशहर में खनन माफियाओं के हौसले इन दिनों सातवें आसमान पर थे।लेकिन अब उनके मंसूबों पर खनन विभाग की कड़ी कार्यवाही ने पानी फेर दिया है। खनन अधिकारी ने पुलिस के साथ मिलकर अहमदगढ़ और शिकारपुर क्षेत्रों में अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के फतेहगढ़ के जंगलों से दो जेसीबी और तीन डंपर जबकि शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र से एक जेसीबी और एक डंपर को सीज किया गया है।इन सभी मशीनों से बिना किसी वैध परमिशन के अवैध खनन किया जा रहा था। वही खनन अधिकारी ने बताया कि जो भी बिना परमिशन के खनन करेगा, उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# जिला पंचायत अध्यक्षा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि की अर्पित

डीके निगम



बुलंदशहर/गुलावठी/जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया के आवास पर देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर नमन कर विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ अंतुल तेवतिया ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। डॉ अंतुल तेवतिया ने उन्हें ह्लसांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधाह्व बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया।उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा प्रस्तुत की, जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में किए गए योगदानों को विस्तार से याद किया।उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने उस समय कांग्रेस सरकार की नीतियों से असहमति जताते हुए भी गांधीजी के आह्वान पर स्वतंत्र भारत की पहली सरकार में सेवा दी। लेकिन विचारधारा की दृढ़ता के चलते उन्होंने इस्तीफा दिया और जनसंघ की स्थापना की। तत्पश्चात पौधारोपण भी किया गया। जिसमें दर्जनों फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे ल गाये गये। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, शरद गर्ग, हैप्पी वर्मा, हिमांशु गोयल, शोभित गर्ग, गौरव तेवतिया आदि मौजूद रहे।

# प्रतिभावान सम्मान समारोह और शपथ ग्रहण समारोह 29 जून को

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** बघेल समाज की बैठक जिला अध्यक्ष लाखन सिंह बघेल राजाखेड़ा की अध्यक्षता में बघेल छात्रावास पर की गई। जिसमें 29 जून को शहीद रामकिशोर बघेल की स्मृति में आयोजित होने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह एवं बघेल समाज धौलपुर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह की तैयार को लेकर रूपरेखा रखी गई ।जिला अध्यक्ष बघेल ने बताया की सत्र 2024झ25 में 10 वीं,12 वीं , ग्रेजुएशन ,पोस्ट ग्रेजुएशन में 70% से अधिक अंकों से उत्तीर्ण छात्र छात्राएं, राजकीय सेवा में चयनित, खेलों में जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ी,आई आई टी,नीट सहित 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ समाज जन को सम्मानित किया जाएगा।इस दौरान राधेश्याम राठौर, हरिप्रसाद, विजय सिंह बघेल,भूपसिंह सरपंच, जगदीश बघेल शेरगढ़ ,राजीव बघेल, हरिसिंह बघेल , बहादुर सिंह महेश बघेल, राजवीर बघेल , कमल सिंह फौजी , सोनू बघेल संजय ,मनोज बघेल, ओमप्रकाश बघेल ,जवाहर सिंह ,कालीचरण बघेल, लटूरी, श्याम बघेल ,धर्मेंद्र ,सत्येन्द्र , शिवसिंह सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

वेलकम इंडिया



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** भारतीय जनता पार्टी राजाखेड़ा मंडल और नाहिला मंडल द्वारा राम जानकी मंदिर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया मुख्य वक्ता के रूप में अनूप तिवारी, कमल पहाड़िया, नंदकिशोर शुक्ला, शिव शंकर परिहार रहे ।जिसमें शिव शंकर परिहार ने बताया कि , डॉ. मुखर्जी ने निडर होकर कांग्रेस की नीतियों का विरोध किया और वैकल्पिक राजनीति की नींव रखी जनसंघ की स्थापना की। कमल पहाड़िया ने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। अनूप तिवारी ने बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन बहुत ही संघर्ष भरा रहा हैराष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर ने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी डॉ. मुखर्जी को भारत की एकता का प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए कहा कि उनके बलिदान को मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाकर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इस कार्यक्रम में आए सभी मुख्य वक्ताओं एवं कार्यकताओं का नगर मंडल अध्यक्ष सत्यम गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया । उसे कार्यक्रम में नायला मंडल अध्यक्ष जयवीर सिंह राघव, प्रभारी प्रदीप बडगूजर, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, इंद्र सिंह जाटव, विनोद तोमर अवधेश पाराशर , संयोजक राजू तिवारी प्रमोद जादौन, मदन राणा खेम सिंह,अजय सिंह, रामसेवक वर्मा प्रमोद तिवारी नरेंद्र जैन, रसीद बेग आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम के सेवानिवृत इंजीनियर से 40.51 लाख की साइबर ठगो ने की ठगी

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** टेलीग्राम पर रिव्यू का टास्क पूरा करके मोटी कमाई होने के लालच में थर्मल पावर प्लांट के सेवानिवृत्त इंजीनियर ने 40.51 लाख रुपये गवां दिए।इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट कर छानबीन शुरू कर दी। उअहिंसा खंड, इंदिरापुरम निवासी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि वह थर्मल पावर प्लांट में मैकेनिकल डिपार्टमेंट से सेवानिवृत इंजीनियर हैं।उनके पास 26 जनवरी 2025 को टेलीग्राम पर एक मैसेज आया। बात करने वाली महिला ने अपना नाम जान्हवी सत्या बताया। कहा कि वह एक रिव्यू कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी रिव्यू का टास्क पूरा कराकर लोगों को घर बैठे कमाई कराने के अवसर प्रदान करती है।उसकी बातों में आकर उन्होंने शुरूआत में 10 हजार और फिर 18 हजार रुपये दिए गए खाते में जमा कर दिए। इसके बाद उनको 30 फीसदी मुनाफे के साथ रकम लौटा दी गई।इससे उनका विश्वास बढ़ गया और उन्होंने एक लाख रुपये दिए गए खाते में जमा कर दिए। महिला ने उनको अपनी बातों में उलझा लिया। उसने और रकम जमा करने को कहा। जो एप उनको डाउनलोड कराया गया था। उसमें पैसा बढ़ा दिख रहा था, लेकिन वह उसको निकाल नहीं पा रहे थे। एक बार उनको हल्का सा संदेह भी हुआ लेकिन जैसे ही वह संदेह जैसी बात करते तो महिला दूसरे लोगों से उनकी बात कराकर उनको संतुष्ट कर देते। वह उनको पूरा विश्वास दिला रहे थे कि वह अपना पैसा सुरक्षित जगह लगा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने 25 खातों में 25 बार में 40.51 लाख रुपये जमा कर दिए। वह उनसे और पैसा जमा करने को कह रहे थे, लेकिन उनके पास और पैसे का प्रबंध नहीं था। जब साइबर ठगों को लगा कि और पैसा उनको मिलने वाला नहीं है तो उन्होंने संपर्क तोड़ दिया। इसके बाद उनको ठगी का पता चला। इसके बाद उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी।इस बारे में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।जिन खाता नंबरों में पैसा ट्रांसफर हुआ है उनके आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित होगी।

# जीडीए के जोन 2 ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए ओयो होटल को किया सील

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक बार फिर जीडीए का बुलडोजर एक्शन देखने को मिला। जहां मोदीनगर में 3 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की गई और 2 ओयो होटलों को सील किया गया। बताते चलें मोदीनगरझयाकूतपुर और बेगमाबाद में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने आज करीब 19,000 वर्ग मीटर में अवैध रूप से विकसित की जा रही 3 कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई की कॉलोनाइजरों की ओर से बनाई जा रही सड़कें, साइट ऑफिस और बाउंड्रीवाल ढहाई गईं। मौके पर विरोध करने पहुंचे कॉलोनाइजर, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई पूरी की गई। जीडीए ने साफ तौर पर दिशा निर्देश दिए कि अवैध रूप से निर्माण न करे। जीडीए लगातार कार्रवाई कर रहा है। याकूतपुर मावी, मोदीनगर में 7 हजार वर्ग मीटर में मिट्टी भराई, सड़क निर्माण, बिजली खंभे और साइट ऑफिस का निर्माण को पूरा ध्वस्त किया गया। वहीं बेगमाबाद बुढाना, मोदीनगर में 4 हजार वर्ग मीटर में मिट्टी भराई और सीमांकन कार्य 8हजार वर्ग मीटर में ब्रिक लाइनिंग और प्लॉट सीमांकन दोनों स्थलों पर बुलडोजर चलाया गया। अवैध रूप से बनाई जा रही सड़कें, बाउंड्रीवाल, और निमार्णाधीन साइट ऑफिस ध्वस्त किए गए साथ ही निवाड़ी में 2 अवैध रूप से संचालित ओयो होटल भी सील किए गए प्रवर्तन अधिकारियों ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना अनुमति के किसी भी निर्माण को नहीं बख्शा जाएगा।

ध्वस्तीकरण के दौरान जीडीए के जोन 2 के अवर अभियंता योगेश वर्मा के साथ उनकी टीम के अन्य से कर्मचारी गण भी साथ रहे। अवर अभियंता ने कहा आगे भी लगातार ध्वस्तीकरण अभियान जारी रहेगा। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की जनता से यही अपील है कि केवल स्वीकृत और वैध कॉलोनियों में ही संपत्ति खरीदें।

## चीनू गैंग की दहशत में जी रहा पच्छादान मोहल्ला

**गाजियाबाद।** डासना गेट चौकी क्षेत्र अंतर्गत पक्का तालाब स्थित पच्छादान मोहल्ला इन दिनों खौफ के साए में है। इस भय का कारण कोई और नहीं, बल्कि दिल्ली के कुख्यात अपराधी चीनू और उसके गिरोह के सदस्य हैं, जो इन दिनों मोहल्ले में जमकर आतंक फैला रहे हैं। स्थानीय निवासी सुशील गौतम ने बताया कि दिल्ली के पहाडगंज निवासी चीनू, अमन और गोलू जैसे अपराधी अब गाजियाबाद की गलियों में खुलेआम नशीले पदार्थों की तस्करी, चेन स्नैचिंग और हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इन अपराधियों द्वारा 'सी एन ग्रुपज के नाम से सोशल मीडिया पर हथियार लहराते वीडियो साझा करना आम बात बन चुकी है, जो कानून और पुलिस को खुली चुनौती देने जैसा है। बीती रात की एक हिंसक वारदात ने स्थिति को और भयावह बना दिया, जब चीनू और उसके साथियों ने मोहल्ले के एक बुजुर्ग व्यक्ति पर बेरहमी से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हमला न केवल पूर्व नियोजित था, बल्कि उसकी क्रूरता ने मोहल्ले के शांत वातावरण को झकझोर कर रख दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर निष्क्रियता का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो इन अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है, न ही उनकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सकी है।

# वैश्य समाजसेवा संस्था के कार्यालय का पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व जिल्ला अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



भरत सिंह

आज गुलाब वाटिका लोनी में वैश्य समाज सेवा संस्था लोनी द्वारा संस्था कार्यालय का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा सांसद श्री अनिल अग्रवाल एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश सिंघल जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कहा कि समाज को राजनीति में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए वहीं दिनेश सिंघल ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा कि झंडा किसी का भी हो डंडा समाज का होना चाहिए वहीँ संस्था के अध्यक्ष जीवन लाल ने कहा कि हम महाराजा अग्रसेन के एक रुपया एवं एक ईट के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेगे, कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष जीवनलाल सिंघल ,राकेश कुमार गर्ग ,राजीव सिंघल ,अनंत राम गुप्ता ,सुशील जैन, शिवकुमार गुप्ता, दुर्गेश गोयल, सभासद सतेंद्र बंसल, मनीष गर्ग, नीरज गर्ग,यतेंद्र अग्रवाल, विनय गोयल, दीपक मित्तल आदि दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया।

## महाराणा बिहार कॉलोनी में युवक ने की आत्महत्या, इलाके में फैली सनसनी

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित महाराणा बिहार कॉलोनी में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। मृतक अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। बीती रात वह रोज की तरह परिवार सहित छत पर सोया था, लेकिन देर रात अचानक नीचे उतरकर कमरे में गया और पंखे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक नशे की हालत में था, जबकि पत्नी और बच्चे गहरी नींद में सो रहे थे। सुबह जब पत्नी की आंख खुली तो वह पति को पास न पाकर परेशान हुई। नीचे जाकर कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो दरवाजा तोड़ दिया गया। अंदर का दृश्य देखकर वह बदहवास हो गई युवक फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## शिव शक्ति महाकाली मंदिर में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की गोष्ठी

**गाजियाबाद।** अवंतिका स्थित श्री शिव शक्ति महाकाली मंदिर में सोमवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम में स्थानीय बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं और कॉलोनी के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य देश और समाज के समग्र विकास के लिए बढ़ती जनसंख्या की समस्या को केंद्र में रखकर नीतिगत समाधान की आवश्यकता पर मंथन करना था। कार्यक्रम में पार्षद मनोज त्यागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो संसाधनों पर बोझ लगातार बढ़ेगा और सामाजिक असंतुलन की स्थिति पैदा हो सकती है।

# जल संरक्षण की नई लहर, तालाबों के कायाकल्प में जुटा नगर निगम

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण और भूगर्भ जल स्तर को बनाए रखने के लिए तालाबों के संरक्षण की दिशा में सशक्त कदम उठाए हैं। बरसात से पहले जल संचयन के प्रभावी प्रबंध के तहत शहर के प्रमुख तालाबों की सफाई और सौंदर्यकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में यह मुहिम न केवल जल संरक्षण का संदेश दे रही है, बल्कि शहरी विकास की एक पर्यावरण अनुकूल दृष्टि को भी मजबूती प्रदान कर रही है। नगर निगम के जलकल विभाग द्वारा मोरटा, काजीपुरा, नाएफल, सदरपुर और दुहाई जैसे बड़े तालाबों की गहराई बढ़ाने, गंदगी हटाने, जल को स्वच्छ रखने के लिए उपकरण लगाने और उनके चारों ओर फुटपाथ एवं वृक्षारोपण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। तालाबों के आसपास के क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जल संचयन की दिशा में यह प्रयास न केवल बरसात के पानी को संरक्षित करने में सहायक होगा, बल्कि शहर के घटते भूगर्भ जल स्तर को स्थिर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे तालाबों की सफाई बनाए रखने में सहयोग करें, जल स्रोतों को गंदा न करें और जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें। इस पहल का सबसे प्रेरक उदाहरण दुहाई तालाब बनता जा रहा है, जो अपनी स्वच्छता, संरचना और संरक्षण के चलते बाकी तालाबों के लिए आदर्श रूप में उभर रहा है। चार एकड़ में फैले इस तालाब को मॉडल तालाब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां पर्यावरण संरक्षण के सभी मानकों का पालन करते हुए जनभागीदारी के साथ कार्य हो रहा है।

## कैलाश यात्रा के लिए तीसरा जत्था पहुंचा इंदिरापुरम

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन एक बार फिर श्रद्धालु भावनाओं से गूंज उठा जब सोमवार को कैलाश यात्रा पर जाने वाले तीसरे जत्थे के तीर्थयात्री वहां पहुंचे। इस जत्थे में कुल 50 श्रद्धालु शामिल हैं, जिनमें से 30 यात्री सोमवार शाम तक भवन में पंजीकृत हो चुके थे। कैलाश मानसरोवर भवन के प्रबंधक दिनेश गर्ग ने बताया कि सभी यात्रियों की मेडिकल जांच के लिए मंगलवार को उन्हें दिल्ली ले जाया जाएगा। यात्रा से पूर्व यात्रियों के स्वास्थ्य की पूरी जांच, खानपान, ठहराव और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार होकर यात्रा पर निकल सकें। इससे पूर्व पहले जत्थे में 37 और दूसरे जत्थे में 40 यात्री शामिल होकर भवन से रवाना हो चुके हैं।

## पुलिस ने पकड़ा अंतरराष्ट्रीय तस्करी का बड़ा जाल, 140 किलो बर्मा टीक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय लकड़ी तस्करी का एक बड़ा मामला उजागर करते हुए पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सागौन (बर्मा टीक) की लकड़ी बरामद की है। यह कार्रवाई भोजपुर थाना पुलिस द्वारा देर रात की गई, जब एक ट्रक में स्क्रैप के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 140 किलो सागौन की लकड़ी को पकड़ लिया गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान शुरू किया और एक संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की। जब स्क्रैप हटाकर तलाशी ली गई, तो उसके नीचे कीमती बर्मा टीक की लकड़ी छिपी मिली। इस कार्रवाई को इंस्पेक्टर अनिल राजपूत की स्पेशल टीम ने अंजाम दिया। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि तस्करों ने तस्करी के लिए तीन देशों के सड़क मार्ग का इस्तेमाल किया था। पहले यह लकड़ी म्यांमार से नेपाल लाई गई, फिर नेपाल से भारत के रास्ते गाजियाबाद पहुंची, और यहां से इसे हरियाणा ले जाया जा रहा था। बर्मा टीक की लकड़ी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेहद कीमती मानी जाती है और फर्नीचर निर्माण व निर्माण कार्यों में इसका उपयोग होता है। इस तरह की लकड़ी पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध और वन संरक्षण कानूनों के तहत सख्त निगरानी रहती है, लेकिन तस्कर चोरी–छिपे इसकी तस्करी में लिप्त पाए गए। गाजियाबाद पुलिस ने इस बड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

## दहेज की मांग, मारपीट और यौन हिंसा का शिकार बनी विवाहिता

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाली विवाहिता ने अपने पति और ससुरालियों पर दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक प्रताड ?ा देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर रविवार को पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार, उसकी शादी तीन साल पहले एक युवक से हुई थी, जिससे उसकी पहचान नौ साल पहले एक कोचिंग क्लास में हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद पति, ससुर, सास, ननद, और अन्य परिजनों ने उस पर 10 लाख रुपये, एक कार और पति के नाम छह लाख रुपये की एफडी की मांग शुरू कर दी। जब मांगें पूरी नहीं हुईं, तो महिला के साथ न सिर्फ मारपीट की गई, बल्कि उसका वेतन भी पति जबरन ले लेता था। महिला ने आरोप लगाया कि पति नशे की हालत में लौटकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता और उसके साथ हिंसा करता था। जब उसने विरोध किया तो ससुर ने भी छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने बताया कि बीते साल एक बार पति ने उस पर कांच का गिलास फेंका, जिससे उसका पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे ससुराल से निकाल दिया गया और कहा गया कि जब तक पैसा और कार नहीं लाओगी, वापस मत आना।

# जुलाई दस्तक अभियान से पहले स्वास्थ्य विभाग की संवेदीकरण बैठक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आगामी संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान (महा जुलाई 2025) की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्त्वपूर्ण संवेदीकरण बैठक का आयोजन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएफओ) के निर्देशन में संपन्न इस बैठक का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे मच्छरजनित गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक का संचालन डॉ. सुरुचि सैनी और सहायक मलेरिया अधिकारी नरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता, एएनएम, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि मानसून के मौसम में इन रोगों का खतरा चरम पर होता है और इससे निपटने के लिए समय से पहले तैयारी जरूरी है। सभी कर्मियों को रोग पहचान, लक्षण, रोकथाम के उपाय, फील्ड में काम करने की कार्यप्रणाली की गहन जानकारी दी गई। डॉ. सैनी ने बताया कि 'दस्तक अभियानज के अंतर्गत घर-घर जाकर संदिग्ध रोगियों की पहचान, स्वास्थ्य जानकारी का प्रसार और तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा।



# कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संगठन को नई दिशा देने और जनसरोकारों से जोडे के लिए कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के आदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन देखने को मिला। क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष रामपाल ने सोमवार को जिले में एक सर्वसमावेशी और संतुलित कमेटी का गठन किया, जिसमें सभी जातियों, वर्गों और धर्मों को सम्मानपूर्वक प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने संगठन को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह नया गठन सामाजिक समरसता और मजबूत संगठनात्मक संरचना की ओर एक ठोस कदम है। मंत्री ने रामपाल जी की टीम की सराहना करते हुए इसे जन-जन का प्रतिनिधित्व करने वाली कमेटी बताया। कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी के गाजियाबाद आगमन पर जिले एवं महानगर के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के कई वरिष्ठ नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस ऐतिहासिक क्षण में मुझे भी सुअवसर प्राप्त हुआ, जब मैंने क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन और कैबिनेट मंत्री अनिल जी का स्वागत कर सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में जोश, ऊर्जा और समर्पण का भाव स्पष्ट रूप से झलकता रहा। यह आयोजन केवल एक स्वागत समारोह नहीं था, बल्कि संगठन की उस सोच का प्रतीक था जो हर व्यक्ति को साथ लेकर चलने और हर आवाज को प्रतिनिधित्व देने में विश्वास रखती है।

# कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जन समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया। यह जनसुनवाई महज एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और संवेदनशीलता का प्रतीक बनती जा रही है। शिकायतकताओं की बड़ी संख्या के बीच जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से सभी नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनकी गंभीरता को समझते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी किए। प्राप्त शिकायतों में जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, जीडीए, बिजली-पानी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का शीघ्र, पारदर्शी और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न बनकर रह जाए, बल्कि यह प्रक्रिया आमजन को वास्तविक राहत देने का माध्यम बननी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि अधिकारियों का व्यवहार शिकायतकताओं के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक होना चाहिए, जिससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो। समयबद्ध कार्रवाई के साथ फॉलोअप भी जरूरी है, ताकि एक भी समस्या अधूरी न रहे। जनसुनवाई के दौरान एडीएम (एफ/आर) सौरभ भट्ट भी उपस्थित रहे, जिन्होंने जिलाधिकारी के निदेर्शों को विभागीय स्तर पर लागू करने का आश्वासन दिया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और भारत माता के अमर सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क, इंडस्ट्रियल एरिया में संपन्न हुआ, जहां पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं और नागरिकों ने एकजुट होकर राष्ट्र सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारत की एकता और अखंडता के लिए था। उनका दिया गया नारा–'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगेज आज भी हमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देता है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार एसपी सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया।

